RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

# दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, मंगलवार ●23 अप्रैल , 2024 वर्षः-11 अंक - 355 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## संक्षिप्त समाचार

● चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच

### फिलीपींस ने अमेरिका संग शुरू किया 'सबसे महंगा' सैन्य अभ्यास, घबराया ड्रैगन

**मनीला (एजेंसी)।** फिलीपींस और अमेरिका सोमवार से अपना संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू कर रहे हैं। दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस और चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण फिलीपींस और अमेरिका ने अपना सबसे महत्वाकांक्षी संयुक्त सैन्य अभ्यास करने का फैसला लिया है। 1991 में वार्षिक अभ्यास शुरू होने के बाद पहली बार फिलीपींस और



अमेरिका चीन द्वारा दावा किए गए समुद्र के कुछ हिस्सों में फिलीपींस के क्षेत्रीय जल के 12 समुद्री मील परे संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे। समुद्री और हवाई हमलों का मुकाबला करने पर ध्यान देने के साथ चार प्रमुख गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दोनों सेनाओं के 16,000 से अधिक सैनिक एक संयुक्त कमांड सेंटर से काम करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने

### 14 साल की बच्ची को गर्भ गिराने की इजाजत दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप पीड़ित लड़की की 30 हफ्ते की प्रेगनेंसी को टर्मिनेट करने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में पूर्ण न्याय के लिए संविधान के अनुच्छेद- 142 का इस्तेमाल किया। इस अनुच्छेद के तहत अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगर पालिका सर्वसाधारण रुग्णालय व वैद्यकीय




महाविद्यालय (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया है कि वह नाबालिग के गर्भपात कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करें। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस फैसले को भी रद्द कर दिया जिसमें हाई कोर्ट ने नाबालिग लड़की की अर्जी खारिज कर दी थी। नाबालिग की प्रेगनेंसी टर्मिनेशन के लिए उनकी मां की ओर से अर्जी दाखिल की गई थी जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया थी जिसके बाद लड़की की मां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को 14 साल की उस लड़की के मेडिकल एग्जामिनेशन का आदेश पारित किया था।

### बाप रे ! रिफाइन और पाउडर से बन रहा मावा

#### म.प्र. के भिंड में फूड विभाग की छापेमारी में बड़ा खुलासा

**भोपाल/भिंड (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के भिंड में फूड विभाग की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। एक डेयरी में रिफाइन और पाउडर से मावा तैयार किया जा रहा था। यह देखकर फूड विभाग के अधिकारी हैरान रह गए हैं। मौके से 240 किलो नकली मावा मिला है। साथ ही अन्य डेयरी प्रोडक्ट में भी मिलावट की जा रही थी।



मध्य प्रदेश के चंबल इलाके में मिलावट का धंधा जोरों पर है। डेयरी प्रोडक्ट में भी जमकर मिलावट हो रहा है। भिंड जिले में नकली मावा बनाने वाली एक फैक्ट्री का खुलासा हुआ है, जहां रिफाइन और पाउडर से मावा तैयार किया जा रहा है। इस मावे की सप्लाई बाजारों में होती थी। इसी से मिठाई बनते थे। शादी-विवाह की सीजन में इसकी खपत ज्यादा होती थी। मिलावटी मावे से बनी मिठाइयां लोग चाव से खाते थे। ऐसे में अगर आप भी बाजार से मावा खरीदने जा रहे हैं तो इस वीडियो को देख लें।

**मिलावटी मावा जब्त**

दरअसल, भिंड के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बक्शीपुर में फूड विभाग ने दो डेयरी पर कार्रवाई की है।

आज हनुमान जयंती

## करोल बाग में है भारत के सबसे बड़े हनुमान जी की प्रतिमा



### मुख देख लगेगा बोल पड़ेंगे भगवान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत में राम भक्त हनुमान के कई मंदिर हैं। देश के हर हनुमान मंदिर में लोगों की भीड़ देखकर भक्तों में भगवान के प्रति श्रद्धा और भक्ति का अनुमान लगाया जा सकता है। आपने भी कई हनुमान मंदिरों के दर्शन किए होंगे, लेकिन क्या आप अब तक दिल्ली के करोल बाग और झंडेवालान के बीच स्थित हनुमान मंदिर आए हैं। इस मंदिर में 108 फीट उंचे हनुमानजी की मूर्ति इसे अन्य मंदिरों से अलग बनाती है। इस विशाल प्रतिमा को आपने भी कई बार मूवी और सीरियल में जरूर देखा होगा। मेट्रो से सफर करते वक्त आपको खड़े हुए हनुमान जी की बड़ी सी मूर्ति दिखाई दे जाएगी। यह मूर्ति लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र है। आइए जानते हैं करोल बाग में स्थित हनुमान मंदिर से जुड़ी दिलचस्प बातें। इस मंदिर को संकट मोचन धाम के नाम से भी जाना जाता है। पिछले कई सालों में यह मूर्ति दिल्ली की पहचान बन गई है।

● **स्वचालित है मूर्ति** - बहुत से लोग नहीं जानते कि यह मूर्ति स्वचालित है। खास मौकों पर इसे चलाया जाता है, ताकि भगवान हनुमान के हृदय में बसे राम और सीता के दर्शन हो सकें। ऐसा माना जाता है कि नागा बाबा सेवागिरी जी महाराज यहां तपस्या कर रहे थे। तब उन्होंने अपने शिष्यों को बताया कि हनुमान जी उनके सपने में आए और एक भव्य प्रतिमा बनाने की इच्छा व्यक्त की। इस सपने के बाद महाराज जी ने मंदिर का निर्माण शुरू कराया था।

● **ज्वाला जी से लाई गई है अखंड ज्योति** - मंदिर की खासियत है यहां जल रही अखंड ज्योति। 2006 से यहां लगातार अखंड ज्योति जल रही है। बताते हैं कि 30 सितंबर 2006 को नागा बाबा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के ज्वाला देवी मंदिर से अखंड ज्योति लेकर आए थे।

● **सुरसा की जीभ मंदिर का एंट्री गेट** - अगर आपने मंदिर नहीं देखा है, तो बता दें कि हनुमान के चरणों में मंदिर का प्रवेश द्वार बना है। यहां सुरसा राक्षसी का मुंह है। यहीं से लोगों को मंदिर में प्रवेश करना होता है। बताया जाता है कि हनुमानजी ने राक्षसी सुरसा को अपना विराट रूप दिखाया था और वे राक्षसी के मुख में छोटा सा रूप धारण कर प्रवेश कर गए थे। इसी तरह भक्त भी सुरसा की जीभ में जा कर ही मंदिर के भीतर पहुंचते हैं। यह भी कहा जाता है कि मंदिर का प्रवेश द्वार राक्षस का खुला हुआ मुंह है, जो मरे हुए राक्षस को प्रदर्शित करता है।

अलीगढ़ में कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर बरसे मोदी

*अब इनकी नजर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है...*

## इंडिया गठबंधन वाले निराशा में डूबे हुए हैं

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है। सोमवार को यहां आयोजित जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की



नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई, तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं, वो आगे कहते हैं कि ये जो संपत्ति है, उसको कब्जे में लेकर सरकार सबको बांट देगी। ये उनका मेनिफेस्टो कह रहा है। अब इनकी नजर कानून बदलकर, हमारी माताओं-बहनों की संपत्ति छीनने पर भी है। इनकी नजर अब उनके मंगलसूत्र पर है।

**पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं**- तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति भी दी है। कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। जब मैं पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं क्योंकि ऊपर के लोगों ने मलाई खाई और पसमांदा मुसलमानों को कुछ नहीं मिला।

**देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय आ गया**- सभा में उपस्थित भीड़ से मुखातिब होते हुए पीएम ने कहा- अच्छे भविष्य, विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है। अब देश को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करने, देश को भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कराने का, देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय आ गया है। इसके लिए जरूरी है - फिर एक बार मोदी सरकार। पहले आर्टिकल 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी शान से जीते थे और हमारे फौजियों पर पत्थर चलाते थे। अब इन सब पर फुल स्टॉप लग गया है। देश से बड़ा कुछ नहीं होता। देश का इतना महत्वपूर्ण चुनाव चल रहा है, हमें सारे काम छोड़कर वोट करना चाहिए। सुबह-सुबह धूप निकलने से पहले, जलपान से पहले आपको मतदान करना चाहिए।

### म.प्र. में पीएम मोदी के 24 अप्रैल को तीन कार्यक्रम

● सागर से दलित वर्ग को साधेंगे, कांग्रेस के कब्जे वाले हरदा में सभा को संबोधित करेंगे

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 24 अप्रैल को एमपी के दौरे पर आएंगे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पीएम एक ही दिन में तीन लोकसभाओं में पहुंचेंगे। अब तक मिली जानकारी के अनुसार पीएम मोदी 24 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे सागर पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। सागर बाद पीएम मोदी बैतूल पहुचेंगे। यहां बीजेपी प्रत्याशी दुर्गादास उईके के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम 7:30 बजे भोपाल में रोड शो करेंगे।

**बुंदेलखंड के दलित वर्ग को देंगे संदेश**- 24 मार्च को सबसे पहले पीएम मोदी का सागर के बड़तूमा में कार्यक्रम होगा। बड़तूमा में ही सौ करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। करीब आठ महीने पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत रविदास मंदिर का भूमिपूजन किया था।

### दतिया के पंडोखर धाम में आग

● साधु-संतों और भक्तों के लिए बनीं कुटिया जलीं

**दतिया (एजेंसी)।** दतिया के पंडोखर धाम में सोमवार दोपहर बाद आग लग गई। हवा के कारण लपटें तेजी से फैलीं और साधु-संतों समेत भक्तों के लिए बनीं कुटियाओं तक पहुंच गईं। जानकारी मिलते ही पंडोखर थाना पुलिस और भांडेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर पहुंचा।



कर्मचारी स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। पंडोखर धाम में मंगलवार 23 अप्रैल से महोत्सव शुरू होना है, जो 8 मई तक चलेगा। इसमें पंडोखर पीठाधीश्वर पंडित गुरु शरण शर्मा, वृंदावन के अर्पिताचार्य जी महाराज और साध्वी पीताम्बरा के प्रवचन होंगे। जिन्हें सुनने देशभर से अनुयायी यहां आएंगे।

शाजापुर में बोले मुख्यमंत्री मोहन यादव-

## कांग्रेस ने राम मंदिर में अड़ंगा क्यों डाला, माफी मांगे

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर सीएम ने निशाना साधते हुए कहा वे आतंकवादियों को जी कहते हैं

**शाजापुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शाजापुर में जनसभा को संबोधित किया। इसके पहले उन्होंने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी महेंद्रसिंह सोलंकी का नामांकन जमा करवाया। शाजापुर के बस स्टैंड पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस नेताओं पर जमकर निशाना साधा। बोले कि कांग्रेसियों ने राम मंदिर में अड़ंगा लगाया, वह माफी मांगे। अब तक राहुल, सोनिया और प्रियंका दर्शन करने राम मंदिर क्यों नहीं गए।



सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे आतंकवादियों को जी कहते हैं। इसके साथ ही राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पप्पू की तरह ही उनकी बुद्धि है। बोलते हैं एक दिन में गरीबी दूर करेंगे। उनकी मम्मी, दादी, परदादा ने इतने सालों तक सरकार चलाई पर गरीबी दूर नहीं हुई। पिछले चुनाव में कांग्रेस की बस में बैठने लायक सीट आई थी, इस बार टेंपो में बैठने लायक रह जाएंगे।

**विदेश जाओ तो कहना हम राम-कृष्ण की धरती से आए हैं**- छिंदवाड़ा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के जमावड़े को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा आदमी चुनाव लड़ रहा है तो सब जा रहे हैं। इसमें क्या बुराई है। उनके पास कोई है नहीं इसलिए नहीं जाते। अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-विदेश में जाओ और सिर्फ इतना बताओ कि हम राम-कृष्ण की धरती से आए हैं। वे समझ जाएंगे आप भारत से आए हैं।

#### रामजी आ गए, अब कृष्ण आने वाले हैं

राम मंदिर का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने दिया, उसके बावजूद उनको तकलीफ है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि रामजी आ गए हैं और अब कृष्ण आने वाले हैं। राम मंदिर के नाम पर कांग्रेसियों के सीने पर सांप लौट गए। हम तो कानून का सम्मान करते हैं। इनका परिवार शहजादा है और इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त करने पर देश में आपातकाल लगा दिया था।

#### शाजापुर में नए औद्योगिक क्षेत्र बनाएंगे

राहुल की ओर इशारा करते हुए सीएम ने कहा कि एमपी में आने से पहले ही उनकी तबीयत खराब हो गई। मैं तो कहता हूं कि उनकी तबीयत ही खराब रहे। मुख्यमंत्री ने सभा में कहा कि प्रदेश में अब अलग से एग्रीकल्चर कॉलेज नहीं खुलेंगे, मौजूदा कॉलेज में ही एग्रीकल्चर विभाग भी संचालित किया जाएगा। साथ ही शाजापुर में नए औद्योगिक क्षेत्र बनाएंगे।

## म.प्र.के कई जिलों में बारिश-ओले

### बिजली गिरने से बच्चे की मौत

#### 17 जिलों में अलर्ट, 25 से भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। सोमवार को भोपाल, रायसेन समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। धार में दोपहर 12.54 बजे 10 मिनट तक बारिश के साथ ओले गिरे।



इंदौर में घने बादल छाए हैं। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। बड़वानी जिले के सेंधवा में कड़वा झिरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे (5) की मौत हो गई। घायल महिला का इलाज सेंधवा सिविल अस्पताल में चल रहा है।मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे,जबलपुर, छिंदवाड़ा समेत 17 जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया है।

भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में अगले 2 दिन गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। 25 अप्रैल से तेज गर्मी पड़ेगी। जिन शहरों में अभी 40-42 डिग्री टेम्प्रेचर है, वहां 42 से 44 डिग्री तक पहुंच जाएगा। रातें भी गर्म रहेंगी। वहीं, उमस का असर भी दिखाई देगा। पिछले 3 दिन से कई जिलों में हल्की बारिश हो रही है।

**बारिश से सड़कें तरबतर हो गईं**- भोपाल में सोमवार सुबह बारिश हुई। चार इमली, न्यू मार्केट, एमपी नगर इलाके में बारिश से सड़कें तरबतर हो गई। सुबह से शहर में बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने आज मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने का अनुमान जताया है। अगले 3 दिन तक बादल भी रहेंगे।

**21 जिलों के 51 शहर-कस्बों में बारिश**- पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के 21 जिलों के 51 शहर-कस्बों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। इनमें भोपाल, छिंदवाड़ा, बालाघाट, नरसिंहपुर, मंडला, जबलपुर, सिवनी, बैतूल, रायसेन, कटनी, डिंडोरी, विदिशा, नर्मदापुरम, गुना, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, देवास, सागर, दमोह और अनूपपुर जिले शामिल हैं। सबसे ज्यादा बारिश छिंदवाड़ा के तामिया और नर्मदापुरम के पचमढ़ी में आधा इंच से अधिक हुई।

### मणिपुर लोकसभा सीट के 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर की इनर लोकसभा सीट के 11 बूथ पर सोमवार (22 अप्रैल) को दोबारा वोटिंग हो रही है। 19 अप्रैल को फर्स्ट फेज में वोटिंग के दौरान यहां फायरिंग और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई थीं। इसमें तीन लोग घायल हुए थे। ईवीएम तोड़ी गई थीं। 20 अप्रैल को चुनाव आयोग ने यहां दोबारा वोटिंग कराने के आदेश जारी किए थे। जिन 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग हो रही, उनमें साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू (नॉर्थ-ए), बामन कंपू (नॉर्थ-बी), बामन कंपू (साउथ-वेस्ट), बामन कंपू (साउथ-ईस्ट), खोंगमान जोन- (ए), इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई, इरोइशेम्बा मयाई लेइकाई और खैदेम माखा शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में भाजपा अध्यक्ष नड्डा बोले-

### कांग्रेस सदा राम-सनातन विरोधी रही

● इंडी अलायंस बेल पर या जेल में; मोदी राजनीति को विकासवाद पर ले गए

**रायपुर/लोरमी (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और इंडीअलायंस पर जमकर निशाना साधा। मुंगेली के लोरमी में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि, ये अलायंस या तो जेल में हैं या फिर बेल पर है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस सदा-सदा राम और सनातन विरोधी रही है। क्या इसी कांग्रेस की सरकार नहीं थी, जब आप ने कोर्ट में



एफिडेविट दिया था कि राम काल्पनिक है। राम का कोई ऐतिहासिक वजूद नहीं है।

नड्डा ने भिलाई के खुर्सीपार स्थित आईटीआई ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद अब रायपुर के चंदखुरी में सभा होगी। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांकेर में जनसभा को संबोधित किया। वे एक दिन पहले ही रायपुर पहुंच गए थे।

प्रदेश पाती

दैनिक सद्भावना पाती

इंदौर, मंगलवार 23 अप्रैल, 2024

# दोनो संसदीय क्षेत्रों के पुलिस प्रेक्षकों ने स्ट्रांगरूम व मतगणना स्थल का जायजा लिया




**विदिशा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र 05 सागर के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक श्री एमजेड डिंगलोई और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के पुलिस प्रेक्षक श्री जी विजय कुमार ने आज विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कार्यो के लिए किए गए प्रबंधो का स्थलीय भ्रमण कर जायजा लिया है। सागर संसदीय क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक श्री एमजेड डिंगलोई से विदिशा के सर्किट हाउस में कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने सौजन्य मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तीनो विधानसभाएं क्रमशः कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद में सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए जाने वाले प्रबंधो को सांझा किया और प्रेक्षकों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले फोल्डर प्रदाय किए है। विदिशा एवं सागर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त दोनो प्रेक्षकों के द्वारा ग्राम जाफरखेडी में स्थित आदर्श महाविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कक्षो का भ्रमण कर जायजा लिया है। कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने विधानसभावार नियत कक्षो का भ्रमण कराया साथ ही विधानसभावार नियत स्ट्रांगरूम व मतगणना कार्यो के लिए निर्धारित कक्षो की जानकरियां दी गई है।

इसके अलावा आदर्श महाविद्यालय परिसर से विदिशा और शमशाबाद विधानसभा के मतदान दलो को निर्वाचन सामग्री का वितरण कार्य किया जाएगा। इसके लिए किए गए प्रबंधो के साथ-साथ पांचो विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया के उपरांत ईव्हीएम व निर्वाचन संबंधी अन्य सामग्री जमा कराने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूमो में जमा करने के लिए निर्वाचन सामग्री प्राप्ति के लिए किए जाने वाले प्रबंधो की भी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि हाल ही में विधानसभा निर्वाचन संबंधी कार्यो का संपादन इसी महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ है अतः उसी तर्ज व व्यवस्था के अनुरूप लोकसभा निर्वाचन के लिए विधानसभावार स्ट्रांगरूम व मतगणना कक्ष चिन्हित किए गए है। उन्होंने सामग्री वितरण और वापसी के लिए किए गए प्रबंधो पर भी गहन प्रकाश डाला है। भ्रमण के दौरान दोनो प्रेक्षको ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के स्ट्रांगरूम व मतणना कक्षो का अवलोकन कर वहां किए जा रहे प्रबंधो पर संतोष जाहिर किया है।

पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में लोकसभा निर्वाचन की तमाम प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए गए प्रबंधो से अवगत कराया है। उन्होंने आदर्श महाविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना के दरम्यिान सुरक्षा को ध्यानगत रखते हुए किए जाने वाले प्रबंधो पर भी गहन प्रकाश डाला है। वहीं सामग्री वितरण व वापसी के लिए परिवहनो, कर्मचारियों सहित अन्य प्रबंधो को ध्यानगत रखते हुए सुरक्षा के लिए ईजाद किए गए उपायों को सांझा किया है। प्रेक्षकों के निरीक्षण भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे तथा विदिशा एवं शमशाबाद के एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध मदिरा की धर पकड़

**विदिशा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यानगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विदिशा जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जाकर अवैध मदिरा की तर पकड़ जारी है। प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी श्री विनय रंगशाही के नेतृत्व में आज सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मुकेश मौर्य के द्वारा गठित आबकारी हमले के द्वारा वृत सिरोंज द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम कुंदनपुर में गोपाल नगर रोड पर आरोपी मोहनबाबू कुशवाहा के कब्जे से दो बोरिओ में भरी 06 पेटी देशी मसाला मदिरा के कुल 295 पाव जब्त किये गए हैं जिनकी मात्रा 53.1 बल्क लीटर है। मौके पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया हैं जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 29 हजार 500 रुपए है। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी संजय इवने, आबकारी आरक्षक मनोज नामदेव तथा नीरज रघुवंशी की अहम भूमिका रही।

### निर्धारित प्रावधानों का पालन न करने वाले 2 स्कूलों पर 2-2 लाख रुपए का अर्थ दंड लगाया गया

**हरदा (निप्र)।** कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने जिले के दो स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि के निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने पर दो-दो लाख रुपए का अर्थ दंड लगाने के आदेश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पी.एम. सिंह ने बताया कि जिन स्कूलों पर अर्थ दंड लगाया गया है उनमें सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल टिमरनी और एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल टिमरनी शामिल है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें यह पाया गया कि इन दोनों स्कूलों द्वारा गत वर्ष की तुलना में इस शिक्षा सत्र में फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई। फीस वृद्धि के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन स्कूलों द्वारा नहीं किया गया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश में दोनों स्कूलों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों से ली गई अतिरिक्त फीस आगामी 15 दिवस की समय सीमा में विद्यार्थियों के पालकों को वापस करें। दोनों स्कूलों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि अर्थ दंड की राशि 2-2 लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट आयुक्त लोक शिक्षण के नाम से तैयार करा कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जमा करें।

### जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**हरदा (निप्र)।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला जेल हरदा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री गोपेश गर्ग भी उपस्थित थे। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बदियों का चिकित्सकीय परीक्षण किये जाने हेतु शासकीय जिला चिकित्सालय के डॉ. शैलेन्द्र परिहार, जेल चिकित्सक डॉ. राजेश सतीजा, डॉ. कपिल पटेल, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. देवकी नन्दन, डॉ. गिरीराज बडोने, डॉ. बृजेश रघुवंशी डॉ. आयुशी गुप्ता विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रहीं। शिविर में कुल 180 पुरूष एवं 5 महिलाओं सहित कुल 185 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया दी गई। बंदियो का रक्तचाप, मधुमेह एवं एचआईव्ही टेस्ट कराये गये साथ ही आवश्यकतानुसार 14 बंदियों को चश्में निःशुल्क वितरित किये गये। इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, श्री गोपेश गर्ग द्वारा प्राधिकरण की निःशुल्क योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित बंदियों से चर्चा कर उनकी कानूनी समस्याएं सुनी और समझाईश देकर निराकरण किया। निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में सुश्री अपर्णा लोधी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री प्रभात कुमार, जेल अधीक्षक, श्री योगेश शर्मा उप जेल अधीक्षक, फार्मासिट श्री मनीष साध भी उपस्थित थे।

# मौके पर पहुंच कर बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की



**विदिशा (निप्र)।** विदिशा नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 जतरापुरा क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग द्वारा गठित दल ने मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत ने बताया कि जतरापूरा क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचनाओं प्राप्त हुई थी मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए एक टीम बनाकर मौके पर भेजा गया जहां दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने के उपरांत सामने आया कि परिजनो द्वारा बाल विवाह कराया जा रहा है। मौके पर बालक के शैक्षणिक दस्तावेज में जन्मतिथि 01 जनवरी 2007 पाई गई और बालिका के शैक्षणिक दस्तावेज में जन्मतिथि 25 मार्च 2008 अंकित पाई गई थी। बालिका के परिजनों का कहना था कि आदिवासी समाज में कम आयु में विवाह कर दिया जाता है। विभाग द्वारा बालक और बालिका के परिजनों को समझाईश दी गई और लिखित में कथन लिए गए। बालक और बालिका के परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी गई। दल के द्वारा मौके पर पंचनामा भी तैयार किया गया है। दोनों पक्षों द्वारा लिखित में सहमति दी गई कि यदि बाल विवाह किया गया तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बाल विवाह की रोकथाम के लिए मौके पर पहुंचे दल में बाल विवाह रोकथाम के शाखा प्रभारी श्री मुकेश ताम्रकार, पर्यवेक्षक श्रीमती शुभांगी शर्मा, आरक्षक विशेष किशोर पुलिस इकाई विदिशा श्रीमती ममता सिंह और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अर्चना कुशवाह ने बाल विवाह रोकने में कारगर भूमिका निभाई है।



# वाहनों की जांच पड़ताल कर 27 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूला

**विदिशा (निप्र)।** वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान तथा वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए जाने हेतु जारी पालन में कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरजेश वर्मा ने बासौदा एवं कुरवाई में वाहनों की जांच पड़ताल करने की कार्यवाही की है। जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि कार्यवाही के दौरान 40 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चलानी कार्यवाही की जाकर उनमें से 27 वाहनों से शमन शुल्क 65750 रुपये वसूल किया गया है तथा शेष अन्य 13 वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर पुलिस थाना बासौदा एवं कुरवाई में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। इस कार्यवाही के दौरान विशेष रूप से भारवाही वाहनों में सवारी ढोने, वाहनों में वैध प्रपत्र ना होने तथा वाहन में अनुग्येय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में साथ ही वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगी ना होने, अवैध रूप से हूटर लगे होने, कार्यवाही की गई। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारियों के लिए आवश्यक बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को अधिग्रहित किए जाने हेतु 45 वाहनों को कलेक्टर द्वारा जारी अधिग्रहण आदेश तामिल कराए गए हैं।




# छात्रावासी विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के संदेशो का सम्प्रेषण किया

**विदिशा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विदिशा जिले के सभी मतदाता अपने मतो का प्रयोग नियत मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर करें का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत व्यापक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग की जिला संयोजक श्रीमती पारूल जैन ने बताया कि शनिवार को विभागीय छात्रावासो में रहने वाले विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता के संदेशो का बढ चढकर सम्प्रेषण किया गया है। उन्होंने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा जिले में संचालित सभी छात्रावासों में आगामी लोकसभा निर्वाचन तक स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है अब तक बाल पेंटिग, नुक्कड नाटक, रैलियों के माध्यम से छात्रावासी विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता के संदेशो का सम्प्रेषण कर शहरी एवं ग्रामीण मतदाताओं को सात मई को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर पहले मतदान करें का संदेश दिया जा रहा है। बाल पेंटिग के माध्यम से मतदाता जागरूकता स्लोगन, किसी के बहकावे में ना आए किसी के दबाव में ना आएं, अपने मत का उपयोग जरूर करें और यह कानूनन अधिकार भी है से भी अवगत कराया जा रहा है।

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा पीटूबी मतदान अधिकारी का रेण्डमाइजेशन सम्पन्न

## विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल भोजपुर, सिलवानी और सांची विधानसभा में बनाए गए हैं 918 मतदान केन्द्र




**रायसेन (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री सूरज कुमार तथा रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी के मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों का रेण्डमाइजेशन किया गया।

विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र भोजपुर के 310 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र सांची के 332 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र सिलवानी के 276 मतदान केन्द्रों के विरूद्ध 110 प्रतिशत के मान से 1010 मतदान दलों का निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेण्डमाइजेशन किया गया। इसी प्रकार इन तीनों विधानसभाओं के 249 संवेदनशील मतदान केन्द्र लोकेशन के विरूद्ध 275 माइक्रो ऑब्जर्वर का भी रेण्डमाइजेशन किया गया। साथ ही 1200 से अधिक मतदाता वाले 76 मतदान केन्द्रों के विरूद्ध 84 पी टू बी मतदान अधिकारी का रेण्डमाइजेशन किया गया। एनआईसी कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मुकेश सिंह, डीआईओ एनआईसी श्री दीपेन्द्र कटियार सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मतदानकर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ




**विदिशा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के लिए मतदानकर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के लिए पृथक-पृथक कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य की उपस्थिति में एनआईसी के व्हीसी कक्ष में सम्पन्न हुआ है। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दोनो संसदीय क्षेत्रो के केन्द्रीय प्रेक्षक व रिटर्निंग आफीसर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे। एनआईसी के डीआईओ श्री एमएल अहिरवार के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार एनआईसी भोपाल द्वार विकसित तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित आफ लाइन साफ्टवेयर द्वारा मतदानकर्मियों को द्वितीय रेण्डमाइजेशन शनिवार की सांय साढे चार बजे से शुरू हुआ था। गौरतलब हो कि मतदानकर्मियों के द्वितीय रेण्डमाईजेशन तहत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 05 सागर के अंतर्गत आने वाली तीनो विधानसभा क्रमशः कुरवाई, सिरोंज और शमशाबाद में मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु मतदानकर्मियों का आवंटन कार्य रेण्डमाईजेशन प्रणाली के माध्यम से सम्पन्न हुआ है इसी प्रकार की प्रक्रिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18 विदिशा के अंतर्गत आने वाली जिले की दो विधानसभाएं विदिशा एवं बासौदा के लिए भी अपनाई गई है। मतदानकर्मियों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया के दौरान अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर द्वय श्रीमती शशि मिश्रा, श्री विनित तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटौलिया के अलावा पांचो विधानसभाओं के एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।



## विदिशा संसदीय क्षेत्र हेतु आईपीएस श्री जी.विजया कुमार पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**रायसेन (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए आईपीएस श्री जी. विजया कुमार मो.न.9238856870 को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। शनिवार को पुलिस प्रेक्षक श्री जी.विजया कुमार का रायसेन आगमन हुआ। उन्होंने कलेक्टर कक्ष में विदिशा संसदीय क्षेत्र विदिशा के रिटर्निंग अधिकारी तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे से लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में चर्चा की। रिटर्निंग अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु की गई तैयारियों, मतदान केन्द्रों की संख्या, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था, पुलिस बल की संख्या आदि के बारे में अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा में तृतीय चरण में आगामी 07 मई 2024 को मतदान सम्पन्न होगा।

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...



## दर्जनों कॉलोनियों का जलस्तर डार्क झोन में

**इंदौर।** सर्वाधिक जल संकट वाले क्षेत्र बिचौली, श्रीजी वैली और उसके आसपास की दर्जनों कॉलोनियों के रहवासियों के साथ कल नगर निगम कमिश्नर ने तीन घंटे तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर चर्चा की और रहवासियों से अपील की कि प्रत्येक घर में यह सिस्टम लगाएं, ताकि जल संकट की स्थिति से निपटा जा सके। बिचौली क्षेत्र की कई कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां 12 में से 10 माह टैंकरों से पानी सप्लाई होता है और 800 फीट तक बोरिंग कराने पर भी पानी नहीं मिल रहा है। शहर के कई क्षेत्रों में जल संकट के साथ बिचौली मर्दाना, बिचौली हप्सी और उससे सटी ढेरों कॉलोनियों में जलस्तर काफी कम हो चुका है। निगम ने भी अलग-अलग स्थानों पर सर्वे किए थे तो स्थिति विकट पाई गई। पूर्व से जो बोरिंग वहां कराए गए थे, वे सब सूख गए हैं और अब निगम जल यंत्रालय विभाग को वहां आसपास की कॉलोनियों में महीनों तक टैंकरों से पानी सप्लाई करना पड़ता है। श्रीजी वैली की स्थिति तो सबसे ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि वहां निजी और शासकीय बोरिंगों से पानी आना पूरी तरह बंद हो चुका है और प्रतिदिन सुबह-शाम अलग-अलग क्षेत्रों में टैंकरों से पानी सप्लाय होता है।

## बीमारी के कारण की थी आत्महत्या, परिजनों से तकलीफ छुपा कर सहेलियों से रुपये लेती थी छात्रा

**इंदौर।** बीबीए फाइनल की छात्रा मुस्कान ने बीमारी के कारण ही आत्महत्या की थी। असहनीय तकलीफ का घर वालों से भी जिक्र नहीं करती थी। सहेलियों से रुपये उधार लेकर दवाइयां खरीदती थी। पुलिस ने एक युवती से हुई चैटिंग के स्क्रीनशॉट्स जब्त किए हैं। बरुफाटक (बड़वानी) निवासी 24 वर्षीय मुस्कान अग्रवाल ने 11 अप्रैल को पिनेकल ड्रीम्स की 17वीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की थी। स्वजन ने कहा कि मुस्कान का उपचार चल रहा था, लेकिन इतनी तकलीफ नहीं थी कि उसे आत्महत्या करना पड़े। पुलिस ने सहपाठी और रूम पार्टनर से बात की तो पता चला मुस्कान सोमेटाइजेशन नामक बीमारी से पीड़ित थी। उसे पूरे शरीर में दर्द होता था। तकलीफ भी असहनीय होने लगी थी। वह स्वजन से दर्द छुपाने लगी थी।दवाइयों के लिए सहेलियों से रुपये लेती थी और स्वजन से मिलने पर लौटा देती थी। एक युवती से हुई चैटिंग भी पुलिस ने जब्त की है। रूम पार्टनर कनिका ने भी सहेलियों के कथनों की पुष्टि की और बताया कि मुस्कान के कई बार लेक्चर छूट जाते थे। मुस्कान हर चीज के लिए गूगल करने लगी थी। उसने सोमेटाइजेशन बीमारी के बारे में भी गूगल पर पढ़ा था। इस बीमारी से पीड़ित 70 प्रतिशत मरीजों को आत्महत्या का खयाल आता है। पुलिस ने मुस्कान का मोबाइल जब्त किया, लेकिन अनलाक नहीं हो सका। एडिशनल डीसीपी जोन-2 अमरेंद्रसिंह के मुताबिक मोबाइल खोलने के लिए फॉरेंसिक लैब भोपाल भेजा गया है। पुलिस ने लैपटाप खंगाल लिया, लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला। मुस्कान रैपिडो (स्कूटर)से पिनेकल ड्रीम्स पहुंची थी। 17वीं मंजिल पर ही उसका मोबाइल और चश्मा मिला था।

## इंदौर में प्रशासन की पहल वोट बढ़ाने के लिए समाज के सभी वर्गों की ले रहे सहभागिता

**इंदौर।** इंदौर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा समाज के सभी वर्गों की सहभागिता भी ली जा रही है। इसी दिशा में आज दिनांक 23 अप्रैल मंगलवार को सायंकाल 4 बजे से एआईसीटीएसएल के सभा कक्ष में इंदौर के विभिन्न मार्केटिंग एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है। शहर एवं ज़िले के मतदान केंद्रों को सर्व सुविधायुक्त बनाने में इच्छुक संस्थाओं से भी इस संबंध में चर्चा की जाएगी। ऐसी सभी संस्थाओं और संगठनों से मतदाता जागरूकता बढ़ाने और इंदौर को मतदान में भी अव्वल बनाने की दिशा में चर्चा की जाएगी।

## दृष्टि दिव्यांगों द्वारा किया जायेगा सुंदरकांड पाठ

**इंदौर।** श्री माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र, इंदौर के प्रचार मंत्री विकास मूंदड़ा ने बताया कि दृष्टि दिव्यांग सदस्यों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंगलवार दिनांक 23 अप्रैल, 2024 को सायं 7.30 बजे से गीता भवन मंदिर परिसर, इंदौर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा है। संयोजक जयप्रकाश राठी, मोहित मूंधड़ा के अनुसार दृष्टि दिव्यांग सदस्यों द्वारा भक्तिभाव से ओतप्रोत ब्रेनलिपि वर्णमाला की पुस्तक से संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ किया जावेगा। माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष मधुरम् राठी, सचिव अरविंद करनाणी ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में पधारने हेतु आव्हान किया है। प्रकाश लखोटिया ने बताया की इस दिन हनुमान जी को सवामणी (51 किलो) नुक्ती का भोग लगाया जाएगा। माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं गीता भवन ट्रस्ट के मंत्री रामविलास जी राठी, राकेश लखोटिया, रामकिशोर राठी, उज्जवल चांडक, प्रशांत बिहानी सहित समाज के विभिन्न लोग विशेष रूप से इस आयोजन में उपस्थित रहेंगे।

## युवाओं व महिलाओं की समस्याओं का नहीं निकला हल

**इंदौर।** प्रदेश के और शहर के मुद्दों पर बात हो सकती है लेकिन युवाओं और महिलाओं से जुड़े कई प्रश्न ऐसे हैं जिनका हल राजनीतिक दल प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं। इतना जरूर है कि इन्हें लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आरोप-प्रत्यारोपों की सैकड़ों बार कही जा चुकी कहानी सुनाते रहते हैं और इंटरनेट मीडिया के इस दौर में यह दोहराव अरुचि उत्पन्न करता है। ऐसे में परिणाम मूलक यानी रिजल्ट ओरिएंटेड बातें कही जाएं तो ज्यादा प्रभावी हो सकती हैं। फिलहाल न तो ऐसी बातें सुनाई देती हैं न ही किसी के पास इसका रोडमैप है। यदि विचार है भी तो वह क्रियान्वित होकर किस तरह मूर्तरूप लेगा इसकी स्पष्ट तस्वीर किसी के पास नहीं है। ऐसे में संभव है कि मतदाता के रूप में किसी दल के लिए राय बनाने में परेशानी महसूस हो रही हो। इसके अलावा प्रत्याशियों की व्यक्तिगत क्षमताओं, कमियों आदि के बारे में राय बनाना भी अलग किस्म की चुनौती है क्योंकि लोकसभा चुनाव में पहले देश की सरकार की उपलब्धियों की बात होती है। फिर उसे चलाने वाले दल की और फिर कहीं जाकर प्रत्याशी का क्रम आता है। प्रत्याशी भी अपनी प्राथमिकताओं में सरकार, दल और उसके मुखिया का जिक्र पहले करता है। व्यक्तिगत लक्ष्यों या उपलब्धियों का उल्लेख बहुत पीछे छूट जाता है। निश्चित रूप से सही प्रत्याशी के चुनाव की चुनौती बढ़ती जा रही है। कभी-कभी जब सवाल का हल नहीं मिलता तो लोग उसे छोड़ देना भी श्रेयस्कर मानते हैं। यह भी मतदान के प्रति अरुचि का एक कारण हो तो बहुत आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसके बावजूद आश्वस्त होना होगा कि भारत का लोकतंत्र बहुत सशक्त है। मतदाता हर बार अपनी ताकत का अहसास करवा चुके हैं। मतदाता ही महान है। वही इस महान लोकतंत्र का पोषक है। यदि देश को चुनौतियों से बचाना है तो मतदाताओं को इस चुनौती में तो बिलकुल नहीं पड़ना है कि वे मतदान को लेकर जरा सी भी अरुचि दिखाएं।

# कलेक्टर आशीष सिंह ने दी चेतावनी - भवन मालिक एक माह की अवधि में अग्नि सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करें

**इंदौर।** जिले में लगभग 25 हजार से अधिक बिल्डिंग ऐसी हैं जो साढ़े 12 मीटर से अधिक ऊंचाई की हैं जिनमें अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय ज़रूरी हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने इन सभी भवन मालिकों को एक माह की अवधि प्रदान की है कि वे अपने भवनों में अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर ने कहा है कि इस अवधि के पश्चात निर्देशों का पालन नहीं करने की स्थिति में इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर सिंह ने बताया है कि इंदौर में ऐसे व्यापारिक एवं वाणिज्यिक भवनों का चिन्हांकन कर लिया गया है जहाँ पर फ़ायर फ़ाइटिंग के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जाने हैं एवं तदानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाना है। व्यापारिक और वाणिज्यिक भवनों में जिनकी ऊंचाई 10 मीटर से कम हैं वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फस्ट हॉज रील, डाउन राइजर, मैन्यूअली फायर अलार्म सिस्टम, टैरेस टैंक (10 हज़ार लीटर) और फायर पम्प (450 एलपीएम) होना आवश्यक है।

ऐसे वाणिज्यिक एवं व्यापारिक भवन जिनकी ऊंचाई 10 मीटर से 15 मीटर के बीच में हैं वहां पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फ़स्ट हॉज रील, डाउन राइजर,



ऑटोमेटिक (बेसमेंट एरिया 200 द्व2), मैन्यूअली फायर अलार्म सिस्टम, अंडरग्राउंड वाटर (50 हजार लीटर), टैरेस टैंक (5 हज़ार लीटर) और फायर पम्प होना आवश्यक है। ऐसे वाणिज्यिक एवं व्यापारिक भवन जिनकी ऊंचाई 15 मीटर से 30 मीटर के बीच है, वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फ़स्ट हॉज रील, वेट राइजर/डाउन कमर, ऑटोमेटिक स्प्रिंकलर, यार्ड हाइड्रेंट, मैन्यूअली फायर अलार्म सिस्टम एवं ऑटोमेटिक अंडरग्राउंड वाटर टैरेस पंप, अंडर ग्राउंड वाटर (डेढ़ लाख लीटर) और टैरेस टैंक (20 हजार) और फायर पम्प होना ज़रूरी है।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रारंभ कर दें। एक माह की अवधि व्यवस्थाएं कायम करने के लिए प्रदान की गई है। इसके पश्चात कमी पाए जाने पर इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया हैं कि इन्दौर एक वाणिज्यिक शहर हैं और यहाँ न केवल स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में नागरिकों का अपितु प्रदेश भर से लोगों का आना जाना ऐसे भवनों में होता रहता हैं। ऐसे में जन सुरक्षा को देखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाना अति आवश्यक हैं।

## दोषियों पर होगी कार्रवाई: कैलाश विजयवर्गीय

### फर्जी बिल कांड : मध्य प्रदेश के अन्य नगरीय निकाय भी जांच के दायरे में

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम में 28 करोड़ 76 लाख रुपये के फर्जी बिल कांड के सामने आने के बाद प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में हुए कार्य भी जांच के दायरे में आ गए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रमुख सचिव को जांच के लिए कहा है। इन निकायों में पिछले पांच वर्षों में विभिन्न प्रोजेक्ट के तहत हुए विकास कार्यों और उनके एवज में किए गए भुगतान की जांच की जाएगी।आशंका है कि इंदौर में फर्जीवाड़े को अंजाम देने वाली फर्मों और उनके संचालकों के अलावा अन्य कंपनियों द्वारा प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में भी ऐसा ही फर्जीवाड़ा कर बगैर काम के करोड़ों का भुगतान प्राप्त किया गया है। इंदौर नगर निगम में हाल ही में 28 करोड़ 76 लाख रुपये का फर्जी बिल कांड सामने आया है। इंदौर की पांच फर्मों ने ड्रेनेज विभाग में बगैर काम किए 28 करोड़ 76 लाख रुपये के फर्जी बिल प्रस्तुत किए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि इन बिलों का आडिट भी हो गया। आडिट शाखा ने आंख मूंदकर इन बिलों को लेखा शाखा को भेजा, ताकि भुगतान हो सके। लेखा शाखा में शक होने पर जब ये



बिल वापस ड्रेनेज शाखा को भेजे गए तो पता चला कि जिस काम के बिल प्रस्तुत किए गए हैं, वह तो उक्त फर्मों ने कभी किया ही नहीं था।फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद नगर निगम ने पांच फर्में नींव कंस्ट्रक्शन, ग्रीन कंस्ट्रक्शन, किंग कंस्ट्रक्शन, क्षितिज इंटरप्राइजेस व जाह्नवी इंटरप्राइजेस और इन फर्मों के संचालक मो. साजिद, मो. सिद्दिकी, मो. जाकिर, रेणु वडेरा और राहुल वडेरा के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया है। इधर निगमायुक्त शिवम वर्मा ने भी जांच समिति गठित की है। अब प्रदेश सरकार ने अन्य नगरीय निकायों में भी जांच का आदेश दिया है। आशंका है कि पूरे प्रदेश में इस तरह का फर्जीवाड़ा हुआ है।

### तीन करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान

पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई कि आरोपित फर्मों को इंदौर नगर निगम से उक्त फर्जी बिल के पेटे तीन करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान भी हो गया। फर्जी बिलों पर जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर बताए जा रहे हैं, उनका कहना है कि उन्होंने बिल पर कभी हस्ताक्षर किए ही नहीं। ये फर्जी हस्ताक्षर हैं। पुलिस हस्ताक्षर विशेषज्ञ से अधिकारियों के हस्ताक्षर की जांच भी करवा रही है।

### पते पर नहीं मिली फर्में

आरोपी पांच फर्मों में से नींव कंस्ट्रक्शन, ग्रीन कंस्ट्रक्शन और किंग कंस्ट्रक्शन का पता मदीना नगर है, लेकिन मौके पर कोई फर्म नहीं है। इसी तरह क्षितिज इंटरप्राइजेस और जाह्नवी इंटरप्राइजेस के आशीष नगर के पते पर एक रहवासी मकान है, जिस पर ताला लगा है। इंदौर में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद इस बात की आशंका है कि ऐसा ही फर्जीवाड़ा अन्य जगह भी हुआ हो। हमने प्रमुख सचिव को अन्य नगरीय निकायों में हुए कार्यों की बारीकी से जांच करने का आदेश दिया है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## हनुमान जन्मोत्सव : सज गए मंदिर

**इंदौर।** आज चैत्र मास की पूर्णिमा को शहर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के लगभग सभी मंदिर रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से जगमगा रहे हैं। संकट हरने वाले हनुमान जन्मोत्सव की महाआरती कल सुबह मंदिरों में बाजे-गाजे से की जाएगी। विभिन्न स्वरूपों में हनुमानजी को सजाया जाएगा।

पंचांगों के अनुसार चैत्र पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल को अलसुबह 03.25 बजे प्रारंभ हो चुकी है और तिथि का समापन 24 अप्रैल को सुबह 05.18 बजे होगा। इस बार हनुमान जयंती पर मंगलवार है। पौराणिक कथा के अनुसार हनुमानजी का जन्म मंगलवार को हुआ था, इसलिए इस बार हनुमान जन्मोत्सव का महत्व और भी बढ़ गया है। इसके साथ ही हनुमान जयंती पर मीन राशि में पंचग्रही योग बनेगा। साथ ही मेष राशि में बुधादित्य राजयोग, कुंभ राशि में शनि शश राजयोग का संयोग भी बनेगा। कल नृसिंह बाजार स्थित नृसिंह मंदिर में प्राचीन दक्षिणमुखी विराट हनुमान प्रतिमा का श्रृंगार मोती, जरदौसी लेस और मणियों से किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी छोटेलाल शर्मा के सान्निध्य में आरती की जाएगी। संचार नगर मेन कनाडिया रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के पंडित अंकुर पाठक ने बताया कि कल प्रातः 6 बजे जन्म आरती, शाम साढ़े चार बजे शोभायात्रा तथा सात बजे छप्पन भोग लगाए जाएंगे, वहीं अनूप टाकीज चौराहा स्थित भोले राम भक्त हनुमान मंदिर को भी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। पंडित महेश शर्मा, निलेश पण्ड्या ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी महा भंडारे के आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसादी वितरण के लिए धर्मप्रेमी जनता से अपील की गई है। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में कल बाबा रणजीत काठियावाड़ी पोशाक में सजे-धजे नजर आएंगे। इस बार पूरे मंदिर परिसर को गुजरात के गरबे की थीम पर सजाया गया है। मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि हनुमानजी को पारंपरिक गुजराती काठियावाड़ी पोशाक पहनाई जाएगी। मंदिर के सभी पुजारी और भक्त मंडल से जुड़े लोग भी एक जैसी गुजराती वेशभूषा में रहेंगे। इसके अलावा अलसुबह बाबा का अभिषेक-पूजन किया जाएगा। आज रात साढ़े 9 बजे पंचामृत से अभिषेक के बाद बाबा का श्रृंगार किया जाएगा और कल सुबह 6 बजे जन्मोत्सव आरती होगी। इस बार चूंकि गुजराती थीम रखी गई है तो बाबा को गुजराती व्यंजनों का ही भोग लगाया जाएगा।

## नर्मदा लाइन में फिर से हुआ लीकेज

इंदौर। लीकेज की वजह से शहरवासियों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है अब तो इंदौर नगर निगम के अधिकारी भी स्वीकार कर चुके हैं कि नर्मदा के पहले और दूसरे चरण की लाइन बहुत ज्यादा पुरानी हो चुकी है। यही वजह है कि बार-बार लीकेज की समस्या सामने आ जाती है। लेकिन सुधार का काम पूरा हुआ बाद में इंटेकवेल से पंप देर शाम चालू किये ।इसके चलते नर्मदा के पहले और दूसरे चरण से भराने वाली शहर की 14 टंकियां भर नहीं सकीं। सोमवार को उन क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रही, जहां से इन टंकियों से जलापूर्ति की जाती है।

## आम की करीब 18 किस्में इंदौरी खाते हैं हर साल

### 30 तरह की किस्मों की आवक

**इंदौर।** आम के शौकीन आम आदमी के लिए उनके पसंदीदा आम की मिठास अगले 15 दिन में उनके मुंह में घुलेगी। शहर के बाजारों में फिलहाल बादाम, सिंदूरी और हापुस नजर आने लगा है, जो आम आदमी की पहुंच से अभी थोड़ा दूर है। जल्दी आवक के बावजूद आम के दाम फिलहाल ज्यादा ही बने हुए हैं। फल थोक बाजार के व्यापारियों के अनुसार शहर में सबसे पहले केरल से आने वाले आमों से आम की आवक शुरू होती है।हापुस भी इस साल जल्दी शहर में आ गया है, लेकिन दाम पिछले साल जैसे ही हैं। कोरोना काल के बाद आम के दाम में जो बढ़ोतरी हुई थी, वो अब भी जारी है। वहीं इस साल आम की फसल कमजोर होने से दाम भी कोई खास कम नहीं होने वाले हैं। फिलहाल शहर के हर बाजार में ठेलों पर बादाम के साथ ही सिंदूरी नजर आ रहा है। वहीं महाराष्ट्र के रत्नागिरि से आने वाला हापुस, जो अल्फांसो के नाम से पहचाना जाता है, भी बिक रहा है और क्वालिटी के हिसाब से हर जगह इसके दाम भी अलग-अलग हैं।

यूपी के आम आने के बाद कम होंगे दाम

यूं तो इंदौर में अलग-अलग जगह से आम आते हैं, लेकिन दक्षिण से सबसे ज्यादा आम की आवक होती है और दाम में कमी तब होती है, जब आखिर में यूपी से आम आना शुरू होता है। इस साल आम की फसल पर मौसम का प्रभाव पड़ा है, जिससे कि आवक औसत रहेगी। फिलहाल शहर के बाजारों में बादाम 80 से 100 और 100 से 120 रुपए किलो क्वालिटी के अनुसार मिल रहा है तो सिंदूरी के दाम 60 से 100 रुपए किलो तक है। फ्रूट मंडी के नरेश फुंदवानी के अनुसार अब आम की आवक बढ़ेगी, जिससे दाम भी कम होंगे। फुंदवानी के अनुसार शहर में अलग-अलग समय पर विभिन्न राज्यों से अलग-अलग किस्मों के आम की आवक होती है। ये करीब 30 किस्में हैं, लेकिन इंदौर के लोग 18 किस्म का स्वाद ही ले पाते हैं। इनमें प्रमुख गुजरात का केसर, रत्नागिरि का हापुस, गुजरात का राजापुरी, यूपी का लंगड़ा, आंध्रा का नीलम, गुजरात का दाड़म, यूपी का दशहरी, आंध्रा का सिंदूरी है। बची 12 किस्में या तो आ नहीं पातीं या कई लोगों तक पहुंच नहीं पातीं।

## हम इंदौर में बीजेपी का गढ़ भेदने के लिए मैदान में उतरे है: डॉ.अक्षय कांति बम

### कांग्रेस ने अक्षय कांति पर जताया भरोसा, मुख्य कार्यालय पर सभी ने एक स्वर में बम को जिताने संकल्प लिया




**इंदौर।** इंदौर सीट पर बम की मुख्य चुनावी भिड़ंत बीजेपी के शंकर लालवानी से हो रही है, इंदौर मतदाताओं की तादाद के लिहाज से प्रदेश में सबसे बड़े लोकसभा क्षेत्र इंदौर में 25.13 लाख लोगों को मताधिकार हासिल है जहां बीजेपी ने इस बार आठ लाख मतों के अंतर से जीत का नारा दिया है।

बम ने कहा,%बेरोजगारी और महंगाई के कारण इस बार चुनावी हालात एकदम अलग हैं हम इंदौर में बीजेपी का गढ़ भेदने के लिए मैदान में उतरे है बम ने कहा कि अपने चुनाव अभियान में वह महिलाओं और बेरोजगारी के मुद्दों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे है ÷सत्तारूढ़ बीजेपी ने इंदौर की अवैध कॉलोनियों को वैध करने का वादा नहीं निभाया है इससे लोग बेहद परेशान हैं बम ने दावा किया कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और इस शहर का देश के अन्य इलाकों से हवाई और रेल संपर्क कम है।

### श्याम सुन्दर यादव ने कहा

डॉ.अक्षय कांति बम एक शिक्षाविद के रूप में जाने जाते हैं और यह चुनाव बम का पहला चुनाव होगा अक्षय लॉ और मैनेजमेंट कॉलेज संचालित करते हैं कांग्रेस का दावा है कि वह इंदौर के अब तक के सबसे शिक्षित और युवा प्रत्याशी हैं अक्षय ने इंदौर के डेली कॉलेज से स्कूली पढ़ाई की है इसके अलावा उन्होंने एमबीए, एलएलबी और बीकॉम ऑनर्स की डिग्री हासिल की है। वे तकरीबन 10 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय हैं।

### हरनाम सिंह धालीवाल ने कहा

डॉ. अक्षय कांति बम इंदौर शहर की बुलंद आवाज माने जाते हैं. वह समय-समय पर जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को वह मुखरता से उठाते रहे हैं और सरकार को आईना भी दिखाते आए हैं. साथ ही इंदौर शहर की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था ÷संस्था केसरिया÷ के संरक्षक भी हैं. संस्था केसरिया के माध्यम से अक्षय बम निराश्रित और निर्धन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, पठन-पाठन सामग्री और उनके कैरियर मार्गदर्शन के लिए कैरियर काउंसलिंग की निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाते हैं. संस्था के माध्यम से शहर के चिन्हित जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क राशन वितरित किया जाता है. महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संस्था द्वारा महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण भी दिया जाता है ऐसे युवा को हमें अपना सांसद चुनना है।

बीते सोमवार को दोपहर 1 बजे संयुक्त मोर्चा समिति की बैठक श्याम सुन्दर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में लक्ष्मी नारायण पाठक, हरनाम सिंह धालीवाल, रूद्र पाल यादव, देवी सिंह सेंगर ,कैलाश कुशवाह, जानकी लाल पटेरिया,सुसीला यादव ,जयेन्द्र सिंह धालीवाल एवं समस्त कांग्रेस समूह पुरे जोश से उपस्थित रहा।

## मतदान से पहले बूथों का किया जाएगा मॉक पोल

**इंदौर।** इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 2677 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदान से डेढ़ घंटा पहले माकपोल (दिखावटी मतदान) किया जाएगा। कम से कम 50 वोट डालकर मकपोल करना होगा। इस दौरान अभिकर्ता की मौजूदगी रहेगी। इस प्रक्रिया के बाद मशीनों को रिफ्रेश कर मतदान कराया जाएगा।लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केंद्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले माकपोल कराना होगा। पीठासीन अधिकारी को मॉकपोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल कराएंगे।मॉक पोल प्रारंभ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ता उपस्थित रहना चाहिए। यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गए हैं।

इस तरह होगी माकपोल प्रक्रिया

निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा व्हीव्हीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा।

मॉक पोल में डाले गए मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा। मॉक पोल की व्हीव्हीपॅट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में मॉक पोल पर्ची की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबंद कर और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा।

# संपादकीय

## निष्पक्ष चुनाव कराने में ईसी को सहयोग करने की जरूरत

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। ज्यादातर इलाकों में तेज गर्मी के बावजूद लोगों में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। हालांकि कुछ जगहों पर हिंसक घटनाओं ने जरूर लोकतंत्र के इस उत्सव को बदरंग करने की कोशिश की, पर अच्छी बात है कि उनसे मतदाताओं और मतदान की प्रक्रिया पर बहुत नकारात्मक असर नहीं देखा गया।

मणिपुर लंबे समय से जातीय हिंसा की चपेट में है और वहां पहले से चुनाव के विरोध का स्वर उभर रहा था। इसलिए अगर कुछ मतदान केंद्रों पर उपद्रव की घटनाएं हुईं, तो इसकी वजहें समझी जा सकती हैं। वहां चुनाव कराना निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती थी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक मतदान केंद्र के पास नक्सलियों ने विस्फोट किया।

यह भी कोई अनपेक्षित घटना नहीं थी, क्योंकि मतदान से दो दिन पहले ही वहां सुरक्षाबलों ने उनतीस नक्सलियों को मार गिराया था। उस घटना की प्रतिक्रिया में हमले की आशंका पहले से थी। हालांकि वहां भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और मतदान की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह की हिंसा देखी गई, वह जरूर चिंता पैदा करती है।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में हिंसा की आशंका बनी रहती है। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता छोटी-छोटी बातों को लेकर गुत्थमगुत्था होते और हिंसक घटनाएं करते देखे जाते रहे हैं, उसमें इस चुनाव में भी व्यापक हिंसा की आशंका पहले से जताई जा रही है। उसकी शुरुआत कूचबिहार में देखी गई। वहां भाजपा के प्रत्याशी ने आरोप



लगाया कि राज्य के सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता लोगों को धमकाने और मतदान से रोकने का प्रयास करते रहे। यही आरोप तृणमूल कांग्रेस ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाए। उपद्रवियों की धर-पकड़ और हिंसा पर काबू पाने के क्रम में की गई तलाशी में कई बम भी बरामद किए गए। जाहिर है, हिंसा की तैयारियां वहां पहले से की गई थीं।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में निर्वाचन आयोग अतिरिक्त रूप से सतर्क रहता है। इसलिए भी कूचबिहार में किसी बड़ी घटना की साजिशों को रोकने में कामयाबी मिल गई। मगर अभी वहां बाकी चरणों के चुनाव होने हैं, जिनमें हिंसा की आशंका बनी हुई है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग करे।

यह ठीक है कि राजनीतिक दल अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। मगर इसका लोकतांत्रिक तरीका होता है। ऐसा नहीं कि प्रतिद्वंद्वी दल के कार्यकर्ताओं पर हिंसक हमले करके उन्हें मतदान से रोका और अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए।

अगर कोई राजनीतिक दल अपने कामकाज और सैद्धांतिक प्रभाव से मतदाता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाता, तो उसे जीत का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता। मगर कुछ समय से धनबल और बाहुबल के जरिए चुनाव को अपने पक्ष में करने की अनैतिक कोशिशें बढ़ी हैं। लोकतंत्र मतदाता के भरोसे और विश्वास पर टिका होता है, अनैतिक तरीकों से मत अर्जित कर सत्ता में पहुंचे लोगों से लोकतंत्र की सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जाती। जब तक राजनीतिक दल हिंसा के जरिए सत्ता में पहुंचने या बने रहने का रास्ता नहीं छोड़ेंगे, तब तक सही अर्थों में चुनाव लोकतंत्र का उत्सव नहीं बन पाएंगे।

## 29 अप्रैल को होगी फलबाग की नीलामी : आम, चीकू, फालसा के पेड़ होंगे नीलाम

इंदौर। इंदौर के शासकीय उद्यान फलबाग में 29 अप्रैल को दोपहर 3 बजे फलबहार की नीलामी की जायेगी जिसमें आम के 08, चीकू के 26 तथा फालसा के 50 इस तरह कुल 84 पेड़ों के फलबहार की नीलामी होगी। कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी शासकीय उद्यान फलबाग अर्जुननगर अवासा टाउनशिप के सामने ए.बी. रोड इन्दौर से विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

## मतदान जागरूकता संवाद मंगलवार को

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए इंदौर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां लगातार जारी है। इसी सिलसिले में एक महत्वपूर्ण मतदान जागरूकता संवाद कार्यक्रम 23 अप्रैल मंगलवार को दोपहर बाद चार बजे से एआईसीटीएसएल सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर आशीष सिंह करेगें। इस कार्यक्रम में मार्केट एसोसिएशन, खाद्य सामग्री एसोसिएशन, कैफे, मॉल होटल एसोसिएशन आदि संस्था/संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आगामी गतिविधियों के बारे में निर्णय लिए जायेगें।

## 23 वर्ष बाद मई-जून में शादी का एक भी मुहूर्त नहीं, जुलाई में ये तिथियां हैं

इंदौर। ज्योतिषाचार्य पं. नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि गुरु प्रधान राशि मीन में प्रवेश करते ही सूर्य मलिन हो जाता है। इस कारण सूर्य के बलवान नहीं रहने से मांगलिक कार्यो की स्थिति नहीं बनती है। इस वर्ष 26 अप्रैल के बाद करीब दो महीने विवाह के मुहूर्त भी नहीं है। अप्रैल माह में 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25 और 26 अप्रैल को विवाह के मुहूर्त हैं। उसके बाद जुलाई में 3, 9, 11, 12, 13, 14 और 15 तारीख को विवाह होंगे। इस तरह गुरु और शुक्र के अस्त रहने के कारण मई और जून में विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। इस बार विवाह के कारक ग्रह गुरु और शुक्र के अस्त होने के बावजूद अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त 10 मई को शादियां होंगी। वहीं 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। इस दिन से चार महीने के लिए चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा।

## 'छप्पन भोग गौ वंश को भी'

# गौशाला से जुड़ रही है सामाजिक गतिविधियां






इंदौर। हिंदू और सिख समुदाय में भोग शब्द के धार्मिक मायने भी हैं जहां हिंदू धर्म में ईश्वर को अर्पित किए जाने वाले व्यंजनों को भोग कहा गया है, वहीं सिख धर्म में गुरु ग्रंथ साहब के अखंड पाठ के समापन अवसर को भोग शब्द से समझा गया है। श्रद्धालुओं द्वारा अपने ईश्वर-देवता को अर्पित किए जाने वाले खाद्य पदार्थों को भोग कहा गया है। अमूमन हिंदू धर्मावलंबियों की यह नित्य धार्मिक प्रक्रिया है लेकिन विशेष अवसर पर भगवान को छप्पन प्रकार के खाद्य पदार्थों का भोग भी लगाया जाता है। इनमें हर तरह के स्वाद कड़वा, तीखा, कसैला, खट्टा, मीठा, नमकीन शामिल होता है। हिंदू धर्मावलंबी गाय को देवता के रूप में पूजते हैं। इसलिए कई बार श्रद्धालु गौवंश को भी 56 तरह की खाद्य सामग्री अर्पित कर अपनी श्रद्धा और भक्ति को व्यक्त करते है।

ऐसा ही नजारा देखने का अवसर मिला। ग्राम सनावदिया स्थित गौशाला में जिसका संचालन उच्च शिक्षा प्राप्त निक्की सुरेखा करते हैं। यहां रविवार को लगभग 140 गोवंश को छप्पन प्रकार के फलों, सब्जियों, सूखे मेवे, अनाज और घास की विभिन्न प्रजाति का भोजन करवाया गया जिसमें निक्की सुरेका के साथ

उनके परिवार के पिताजी नरेंद्र सुरेका, माताजी ललिता सुरेका, बेटी कायरा सुरेका व पत्नी नेहा सुरेका भी शामिल थीं। यह आयोजन भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर अक्षय मेहता के बेटे आर्यमन मेहता के जन्म दिवस के अवसर पर उनके दादाजी अनिल मेहता व उसके परिवार द्वारा किया गया था। अमरीका के शिकागो में सम्मानजनक मोटे वेतन के प्रलोभन को त्याग कर अपने शहर इंदौर के निकट गौशाला को संचालित कर रहे निक्की सुरेका बताते हैं कि उन्होंने अमेरिका से लौट कर अपने परिवार के बच्चों के लिए शुद्ध एवं पौष्टिक दूध की तलाश की तो गौवंश के बारे में उन्हें चौंका देने वाली जानकारियां मिली। शोध और विश्लेषण से प्राप्त ज्ञान ने उन्हें गौशाला स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

विस्तारित गतिविधियों में वे अपने सहयोगी गोविंन्द माहेश्वरी के साथ इच्छुक लोगों को दूध के अलावा उससे निर्मित देशी घी भी उपलब्ध करवाते हैं। उनके यहां मधुमक्खी पालन, कच्ची घानी से तेल निकालने का प्रशिक्षण किसानों और युवाओं को दिया जाता है। उनकी गौशाला में अब प्री वेडिंग शूटिंग के लिए भी जोड़े आते हैं। अमरीका का चकाचौंध भरा जीवन, भौतिक सुख सुविधा को छोड़कर गौशाला तक की अपनी जीवन यात्रा को वह ÷सुख से सुकून÷ तक की यात्रा में परिभाषित करते हैं।

आज का कार्टून




# दो लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये

### लोक सभा चुनाव के पहले प्रशासन सतर्क, लायसेंसी शास्त्रों के साथ विस्फोटक पदार्थ पर भी कार्रवाई

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता 16 मार्च से प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा लाइसेंसी शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई लगातार की जा रही है।

राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली भी हो चुकी है। कुल 792 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 3 हजार 344 अवैध हथियार, 934 कार्टिज एवं 6 विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये हैं। इसके साथ ही 2 लाख 11 हजार 651 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। प्रदेश में कुल 312 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 522 आंतरिक नाकों से कड़ी निगरानी की जा रही है। निर्वाचन निगरानी के मद्देनजर प्रदेश में 691 फ्लाईंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 833 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 39 क्विक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

## इंदौर लोक सभा सीट पर और उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**इंदौर।** इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के चौथे दिन तीन उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। चौथे दिन लीलाधर चौहान (इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं निर्दलीय), धर्मेंद्र सिंह झाला (भूतपूर्व वायु सैनिक) (निर्दलीय) तथा संजय सोलंकी (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। इन्हें मिलाकर अब तक कुल 8 उम्मीदवार नाम-निर्देशन पत्र दाखिल कर चुके है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल (गुरूवार) है। कलेक्टर कार्यालय में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रात- 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) का कार्य 26 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होगा। अभ्यर्थी 29 अप्रैल 2024 (सोमवार) तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। जिले में 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा और 4 जून (मंगलवार) को मतगणना होगी।

## शासकीय कर्मियों को विदेश यात्रा की अनुमति नहीं मिलेगी

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कार्मिकों को विदेश यात्रा की अनुमति नही मिलेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने एक आदेश जारी कर इंदौर जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे विदेश यात्रा की अनुमति हेतु कार्मिकों के आवेदन कार्मिक प्रबंधन शाखा को अग्रेषित नहीं करें। विदेश यात्रा हेतु कार्मिकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यो से मुक्त किया जाना संभव नही है। प्राय-यह देखा जा रहा है कि कार्यालय प्रमुखों द्वारा विदेश यात्रा हेतु कार्मिकों के आवेदन पत्र अनुशंसा सहित कार्मिक प्रबंधन शाखा को अग्रेषित किये जा रहेहै।


## मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

**इंदौर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चार चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी?। पहले चरण के छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो चुका है। दूसरे चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा।

राजन ने बताया कि प्रदेश में सभी चरणों के मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे।

दूसरे चरण के 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा एवं होशंगाबाद में 25 अप्रैल एवं मतदान तिथि 26 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। तीसरे चरण के 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ एवं बैतूल (अजजा) में 6 मई एवं मतदान तिथि 7 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसी प्रकार चौथे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्र इंदौर, देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), खरगौन (अजजा) एवं खंडवा में 12 मई एवं मतदान तिथि 13 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सदभावना पाती




शिकायत / पत्र संपादक के नाम
आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।
सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें
और उस पर शिकायत उपरांत हमे उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।
हम उस शिकायत को दैनिक सदभावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।
केवल व्हाट्स एप करें, कॉल न करें।
व्हाट्स ऐप न. 9685611304
ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com
नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

## औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही सोने-चांदी की कीमतों में आज ब्रेक लगा है। सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,150 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 82,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 656 रुपए की गिरावट के साथ 72,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में आज सुबह से गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 668 रुपए सस्ता होकर 72,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। एमसीएक्स पर आज 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 1286 रुपए की गिरावट के साथ 82,221 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 1196 रुपए सस्ती होकर 83,950 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 1.30 फीसदी या 31.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,382.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,368.48 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 2.69 फीसदी या 0.78 डॉलर की गिरावट के साथ 28.35 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 27.90 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है।

## मॉरीशस से कर संधि में बदलाव के बीच ईपीआई ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ से अधिक निकाले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपए से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए गए निवेश की अधिक पड़ताल करेगा। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है।

# फेल होने के बाद करने लगे थे मजदूरी, एक टीचर ने बदली किस्मत, आज 500 करोड़ की कंपनी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेडी टु कुक इडली और डोसा बैटर बनाने वाली कंपनी आईडी फ्रेश फूड का बिजनस भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी फैला है। कंपनी का एक तिहाई रेवेन्यू यूएई से आता है। कंपनी ने वहां बिजनस शुरू करने के बाद छह महीने में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली थी। कंपनी अब अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर में भी अपने प्रॉडक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। इस कंपनी की स्थापना मुस्तफा पीसी ने की थी जिनका जन्म केरल के दूरदराज के एक गांव में हुआ था। उनके पिता एक दिहाड़ी मजदूर थे लेकिन शिक्षा के महत्व को अच्छी तरह जानते थे। मुस्तफा ने छठी क्लास में फेल होने के बाद स्कूल जाना छोड़ दिया था और मजदूरी करने लगे थे। लेकिन एक स्कूल टीचर उनके लिए देवदूत बनकर आया। उसकी पहल पर मुस्तफा फिर से स्कूल जाने लगे। फिर उन्होंने पूरे मन से पढ़ाई की और जीवन में बड़ा मुकाम हासिल किया। आज उनकी कंपनी का रेवेन्यू 500 करोड़ रुपये है।

मुस्तफा ने कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में कहा कि एक शिक्षक ने उन्हें स्कूल लौटने के



लिए मनाया और उन्हें मुफ्त में पढ़ाया। इस वजह से उन्होंने गणित में अपनी कक्षा में टॉप किया। फिर उन्होंने स्कूल टॉप किया। जब उनके कॉलेज जाने का समय आया, तो वहां भी टीचर्स ने उनकी मदद की। शिक्षकों ने ही उनकी फीस का भुगतान किया। उन्होंने कहा, मुझे पहली सैलरी 14,000 रुपये की मिली। जब मैंने यह पैसा पापा को दे दिया तो वह बहुत रोए। उन्होंने कहा कि तुमने मेरे पूरे जीवन की कमाई से ज्यादा कमाया है। इसके बाद मुस्तफा को विदेश में नौकरी मिली। उन्होंने दो महीने में ही पिता का 2 लाख रुपये का कर्ज उतार दिया। लेकिन अच्छी सैलरी के बावजूद वह वह अपना बिजनस शुरू करना चाहते थे।

### कैसे आया आइडिया

आईडी फ्रेश फूड का आइडिया उस समय आया जब उनके चचेरे भाई ने एक सप्लायर को एक सादे पाउच में इडली-डोसा बैटर बेचते हुए देखा। कस्टमर प्रॉडक्ट की क्वालिटी के बारे में शिकायत कर रहे थे। मुस्तफा के चचेरे भाई ने उन्हें क्वालिटी वाली बैटर कंपनी बनाने के विचार के साथ बुलाया। इस तरह शुरू हुई आईडी फ्रेश फूडफूड कंपनी। मुस्तफा ने साल 2005 में 50,000 रुपये के निवेश के साथ इस कंपनी की शुरुआती की। इसकी जिम्मेदारी अपने चचेरे भाइयों को सौंप दी। उन्होंने 50 वर्ग फुट के किचन में ग्राइंडर, मिक्सर और एक वेइंग मशीन के साथ शुरुआत की। इसे बेचने के लिए उनके पास एक सेकेंड हैंड स्कूटर था। मुस्तफा कहते हैं, हमें एक दिन में 100 पैकेट बेचने में 9 महीने से ज्यादा का समय लगा। उन्होंने कहा कि हमने इस दौरान बहुत सारी गलतियां कीं और उनसे सीखा। मुस्तफा कहते हैं, तीन साल बाद मुझे एहसास हुआ कि हमारी कंपनी को मेरी फुलटाइम जरूरत है। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और अपनी सारी बचत कंपनी में लगा दी। इस बात से उनके माता-पिता घबरा गए थे। लेकिन वह उन्हें यह भरोसा दिलाने में कामयाब रहे कि यदि बिजनस नाकाम हो गया तो वह फिर से नौकरी कर लेंगे। कई साल तक कंपनी ने संघर्ष किया और इस दौरान उसे काफी नुकसान भी हुआ। एक समय तो कंपनी अपने अपने कर्मचारियों को सैलरी देने की स्थिति में भी नहीं थी। मुस्तफा ने कहा, हमने अपने 25 कर्मचारियों से वादा किया था कि एक दिन हम उन्हें करोड़पति बनाएंगे। आखिरकार करीब एक दशक के संघर्ष के बाद कंपनी को निवेशक मिला और हमने अपना वादा पूरा कर दिया।

### किस बात का है अफसोस

आज कंपनी छह बैटर और पराठा मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट ऑपरेट कर रही है। इनमें से एक यूनिट यूएई में है। कंपनी दिन में 2.5 लाख किलो बैटर और 52,000 किलो डो बना सकता है। इससे 44 लाख इडली और नौ लाख मालाबार पराठा बनाए जा सकते हैं। कंपनी ई-कॉमर्स और 45 शहरों में फैले 35,000 ऑफलाइन रिटेल पार्टनर्स के जरिए ग्राहकों तक पहुंचती है। 2023 में कंपनी का रेवेन्यू 500 करोड़ रुपये से अधिक रहा। कंपनी का दावा है कि उसके सारे प्रॉडक्ट्स 100 परसेंट नेचुरल हैं। उनमें किसी भी तरह के केमिकल और प्रिजरवेटिव का यूज नहीं हुआ है।

लेकिन मुस्तफा को इस बात का अफसोस है कि वह अपनी सफलता को अपने बचपन के शिक्षक के साथ साझा नहीं कर सके। उन्होंने कहा, जब मैं घर लौटा, तो मुझे पता चला कि उनका निधन हो गया है। मैं चाहता था कि वो देखें कि एक मजदूर ने उनके कारण क्या हासिल किया है। 2018 में, मुस्तफा पीसी को प्रतिष्ठित हार्वर्ड में बोलने के लिए बुलाया गया था। मुस्तफा कहते हैं, मैंने पहले उन्हें उस शिक्षक के बारे में बताया, जिसने मुझे हार नहीं मानने दी। फिर अपने पिता के बारे में, जो अब भी अपने खेत में हर दिन पूरी मेहनत से काम करते हैं। इन लोगों ने मुझे सिखाया कि अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, तो एक मजदूर का बेटा भी एक मिलियन डॉलर की कंपनी बना सकता है।

## भर्ती प्रक्रिया कार्यक्रम में बदलाव, जून-जुलाई में रखी प्रमुख परीक्षाएं

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव घोषित होते ही मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने भर्ती प्रक्रिया कार्यक्रम में बदलाव काफी पहले कर दिया था। निर्वाचन कार्यों में अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी आने से आयोग को परीक्षा आगे बढ़ाना पड़ी है। मार्च से लेकर जून तक किसी भी विभाग के रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा नहीं रखी है।अधिकांश परीक्षाएं मतगणना बाद करवाने का फैसला लिया है। वैसे आयोग ने साक्षात्कार कार्यक्रमों में कोई संशोधन नहीं किया है। अधिकारियों के मुताबिक, साक्षात्कार लेने वाली पैनल में ज्यादातर सदस्य बाहर से रहते हैं। इसमें विशेष कोई व्यवस्था नहीं करना पड़ती है और न ही अधिक संसाधनों की जरूरत रहती है। इसके चलते साक्षात्कार की प्रक्रिया आसानी से हो जाती है।आयोग ने 15 अप्रैल के बाद साक्षात्कार और लिखित परीक्षा के संबंध में कार्यक्रम जारी किया है, जिसमें मतदान-मतगणना यानी 5 जून तक सिर्फ साक्षात्कार होंगे। चयनित उम्मीदवारों को पैनल सदस्य अपने मापदंडों पर परखेंगे। वैसे इन दिनों राज्य सेवा परीक्षा 2021 के इंटरव्यू चल रहे है। 290 पदों के लिए 1046 उम्मीदवारों को बुलाया है। 18 अप्रैल से 24 मई तक प्रक्रिया चलेगी।अधिकारियों के मुताबिक 30 अप्रैल से 19 जून के बीच आधा दर्जन साक्षात्कार कार्यक्रम रखे है, जो विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के लिए प्रक्रिया रखी है। आयोग के अधिकारी रवींद्र पंचभाई का कहना है कि चुनाव के बीच परीक्षा करवाना थोड़ा मुश्किल है। मार्च से मई के बीच होने वाली परीक्षाओं का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। वैसे साक्षात्कार समय पर करवाए जा रहे है।

## पृथ्वी के पहरेदार बने उसे पीड़ा देने वाले नहीं ...

पृथ्वी पर सृष्टि का सृजन समुद्र, सूर्य,पृथ्वी, जल और वायु के सहयोग से परमात्मा द्वारा किया गया है। इसमें मनुष्य द्वारा निर्मित विज्ञान का कोई योगदान नहीं है, इसीलिए बड़े-बड़े विद्वान भी परमात्मा के अदृश्य अस्तित्व को स्वीकार करने के लिए विवश है। इसीलिए प्रकृति के रूप में उपलब्ध सूर्य, पेड़, कुआं, नदी, तालाब और झीलों की पूजा मनुष्य द्वारा की जाती है।परमात्मा ने इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी मनुष्य को दी है।आज जब पर्यावरण और पृथ्वी पर घोर संकट है ऐसे समय यह संस्कार आने वाली पीढ़ी को देना हमारा कर्तव्य है। उक्त विचार शिक्षा अध्ययन शाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर परिसर में मालवमंथन द्वारा प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पृथ्वी पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ लक्ष्मण शिंदे ने व्यक्त किए कार्यक्रम के संयोजक स्वप्निल व्यास ने कहा



हमारी अपनी भारतीय परम्परा में पृथ्वी या प्रकृति को माँ का दर्जा है जबकि पाश्चात्य दर्शन में उसे एक लम्बे नाखून वाली डायन के रूप में माना गया है। जाहिर है कि माँ और डायन के साथ व्यवहार में फर्क तो आएगा। आज समूचा विश्व अंधा होकर लम्बे नाखून वाली डायन को पराजित करने को उतारू है। वह माँ के साथ पुत्र की तरह रहकर उसकी सेवा-सुश्रुषा करते हुए उसकी आशीष का आकांक्षी नहीं है। फलस्वरूप धरती के बुरे दिन और संकटों की सूची में दिन-ब-दिन इजाफा होता जा रहा है। ये जीवनदायिनी धरती मां हमें सब कुछ देती रही है और आज भी दे रही है। बेमौसम बरसात, गहराता पेयजल संकट, बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं, जीव जन्तुओं की घटती संख्या खतरनाक संकेत हैं। प्रकृति और वातावरण को शुद्ध करने वाले पक्षी आज विलुप्त होने के कगार पर हैं हम अपना योगदान देकर इस पृथ्वी को नष्ट होने से बचा सकते हैं। प्रकृति पर जितना अधिकार हमारा है उतना ही हमारी भावी पीढ़ियों का भी, जब हम अपने पूर्वजों के लगाए वृक्षों के फल खाते हैं, उनकी संजोई धरोहर का उपभोग करते हैं तो हमारा नैतिक दायित्व है कि हम भविष्य के लिये भी नैसर्गिक संसाधनों को सुरक्षित छोड़ जाएं। कम से कम अपने निहित स्वार्थों हेतु उनका दुरुपयोग तो न करें अन्यथा भावी पीढ़ी और प्रकृति हमें कभी माफ नहीं करेगी। इसी भावना से हम यह आयोजन हर साल करते हैं आज भी हमने पृथवी का पूजन कर उसे 35 विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे अर्पित किए वहीं आज यहां हमने उपस्थित विद्यार्थियों से %प्लास्टिक-मुक्त% जीवन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जी. आर वास्केल ने किया, आभार रामदास लखोरे ने माना। कार्यक्रम में डॉ मधुलिका वर्मा, डॉ राघवेन्द्र कुमार हुरमाडे, योगिता कमल, डॉ रोचना शुक्ला, डॉ दीपमाला सोनी, डॉ.परिणीता रत्नपारखी, डॉ.अनिल परस्ते, डॉ. रोचना शुक्ला, योगिता कमल के साथ विभाग के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# Normalisation Of Scores For CUET-UG, NET To Be Done Away With: UGC Chief

**New Delhi:** Normalisation of scores for the Common University Entrance Test-UG and the National Eligibility Test is being done away with from this year, according to UGC chief Jagadesh Kumar. "No normalisation of scores will be required this year since both exams will be conducted in a single shift for a subject," Mr Kumar told Media.

Normalisation is a process for revising the score of a student in a way that it becomes comparable with the score of another. This becomes necessary when an examination in the same subject is held in multiple sessions, each with a different paper. Students have been raising concerns about the normalisation of scores "unfairly" impacting their performance in the exam.

"Earlier, we had to conduct the test for the same paper for two or three days in our endeavour to provide the first-choice centre to the students as much as possible. But this year, by adopting the OMR mode, a large number of centres will be available at schools and colleges, enabling us to conduct the test across the country on the same day," he said. "If the test is conducted on multiple days for the same paper, normalisation is required and it is a scientific method," the UGC chairman said.

The CUET-UG will be conducted from May 15 to 24 this time. In a shift from the earlier pattern of conducting the crucial exam for admission to undergraduate courses in a Computer Based Test (CBT) mode, CUET-UG for 15 subjects will be conducted in pen and paper mode while for 48 subjects in online mode. Similarly, the UGC-NET, which was earlier conducted in CBT mode, will be held in pen and paper mode on June 16.

UGC-NET is an exam to determine the eligibility of Indian nationals for the "award of Junior Research Fellowship and appointment as assistant professor", "appointment as assistant professor and admission to PhD" and "admission to PhD only" in Indian universities and colleges.

## मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता साक्षरता क्लब का गठन

**इंदौर।** भागीरथ सिलावट शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत महाविद्यालय मे ÷कैंपस एंबेसेडर÷ एवं ÷मतदाता साक्षरता क्लब÷ का गठन विशेष रूप से किया गया। विद्यार्थियों के सहयोग से स्लोगन, पोस्टर, रैली का आयोजन किया गया। ÷पालकों के नाम पाती÷ के द्वारा स्वयं मतदान करने एवं मतदान के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। केंपस एम्बेसडर को वर्कशॉप के द्वारा मतदान जागरूकता गतिविधि की जानकारी भी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान की प्रभारी डॉ. अंजली जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी रखते हुए हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजन नियमित रूप से किए जायेगें।

# Students With 4-year Bachelor's Degrees, 75% Marks Can Directly Pursue PhD: UGC

Students with four-year undergraduate degrees can now directly appear for NET and pursue PhD, according to University Grants Commission (UGC) Chairman Jagadesh Kumar. To pursue a PhD with or without a Junior Research Fellowship (JRF), the candidates will require a minimum of 75 per cent marks or equivalent grades in their four-year undergraduate course. So far, a candidate for the National Eligibility Test (NET) needed a master's degree with a minimum of 55 per cent marks.

"The candidates with four-year undergraduate degrees can now directly pursue PhD and appear for NET. Such candidates are allowed to appear in a subject in which they want to pursue a PhD irrespective of the discipline in which they have obtained the four-year bachelor's degree," Kumar told media. "The candidates having passed a four-year or eight-semester bachelor's degree programme should have a minimum of 75% marks in aggregate or its equivalent grade on a point scale wherever the grading system is followed," the UGC chairman said.

A relaxation of five per cent marks or its equivalent grade may be allowed for those belonging to SC, ST, OBC (non-creamy layer), differently-abled, economically weaker sections and other categories of candidates as per the decision of the UGC from time to time, he added.

# इरडा का बड़ा ऐलान, अब 65 की उम्र के बाद भी खरीद सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी



हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा, 'बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।'

इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस?तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे कर सकते हैं।




# हनुमान जयंती कब है? पूजा का शुभ मुहूर्त, पूजन विधि, भोग और बजरंगबली को प्रसन्न करने के उपाय

**हनुमान जयंती इस साल 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व है। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर में जाकर बजरंगबली को बूंदी के लड्डू का भोग लगाने से आपको सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है और हनुमान बाबा आपकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।**

रामभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान जी की पूजा करने से आप हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं। अपने भक्तों को हनुमान जी हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान जी की स्तुति का दिन हनुमान जयंती इस साल 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा करने का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस दिन व्रत करने के अलावा बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।

## हनुमान जयंती पर बजरंगबली की पूजा का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3.25 बजे से शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5.18 बजे समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती का दिन 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। आप सुबह 3.25 से लेकर 5.18 के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस समयकाल में पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेगा। हनुमान जयंती का महत्व और खास संयोग इस साल हनुमान जयंती का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है क्योंकि हनुमान जयंती मंगलवार के दिन है। जब हनुमान जयंती मंगलवार या शनिवार के दिन पड़ती है, तो हनुमान जयंती और भी विशेष होती है। इसके अलावा इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते हैं कि हनुमान जी कलियुग में भी हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए।

## हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा विधि

हनुमान जयंती पर आप सुबह जल्दी उठकर हनुमान जी को प्रणाम करके उनका पांच बार नाम लेकर नमन करें। इसके बाद स्नान आदि करके पीले वस्त्र धारण करें और हनुमान जी के प्रतिमा के सामने बैठकर हाथ में जल लेकर ऊँ केशवाय नमः, ऊँ नाराणाय नमः, ऊँ माधवाय नमः, ऊँ हृषीकेशाय नमः मंत्र का उच्चारण करें। इसके बाद सूर्यदेव को भी नमन करें और उगते हुए सूरज को जल अर्पित करें। इसके बाद हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ करें और बूंदी या लड्डू का भोग हनुमान जी को लगाएं। हनुमान जी का प्रसाद भक्तों में बांटना न भूलें। इससे आपको भगवान हनुमान की विशेष कृपा प्राप्त होगी।

## हनुमान जी को प्रसन्न करने के उपाय

- हनुमान जी का दिल बहुत ही उदार हैं, इसलिए आपको हमेशा लोगों के लिए उदारता दिखानी चाहिए। आपको गरीब और जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए। खासतौर पर आपको हनुमान जयंती पर गरीबों में अन्न जरूर बांटना चाहिए। हनुमान जी श्रीराम के परभक्त माने जाते हैं, इसलिए आपको हनुमान जयंती पर भगवान राम की स्तुति भी करनी चाहिए, इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं।
- हनुमान जयंती पर लड्डू और बूंदी के प्रसाद का विशेष महत्व
- हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए उन्हें बूंदी, लड्डू का प्रसाद जरूर चढ़ाएं। साथ ही हनुमान जयंती पर उन्हें केसरिया रंग का सिंदूर जरूर चढ़ाएं।
- इस दिन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण का पाठ करने हनुमान जी की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बरसती रहती है।







# भगवान शिव के ग्यारहवें रुद्रावतार हैं हनुमान

**चैत्र पूर्णिमा पर भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार हनुमान का जन्म हुआ था और यह दिन हनुमान जयंती के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मनाई जाती है, पहली चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन और दूसरी कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी को।**

वाल्मीकि रामायण के अनुसान हनुमान का जन्म कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हुआ जबकि पुराणों में पवनसुत का जन्म चैत्र पूर्णिमा बताया गया है। वैसे अधिकांश जगहों पर चैत्र पूर्णिमा को ही मारुतिनंदन हनुमान की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। स्कंदपुराण में वर्णन है कि शिव के ग्यारहवें रुद्र ही विष्णु के अवतार श्रीराम की सहायता हेतु हनुमान रूप में अवतरित हुए। भगवान शंकर ने श्री विष्णु से दास्य का वरदान प्राप्त किया था, जिसे पूर्ण करने हेतु वह अवतार लेना चाहते थे। शिव परंतु उनके समक्ष धर्मसंकट यह था कि जिस रावण के वध हेतु वह श्रीराम की सहायता करना चाहते थे वह उनका परम भक्त था। अपने परम भक्त के विरुद्ध राम की सहायता वह आखिर कैसे करते यह प्रश्न था। रावण ने अपने दस सिरों को अर्पित कर भगवान शंकर के दस रुद्रों को संतुष्ट कर रखा था। अतः हनुमान ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतरित हुए और राम के सहायक बने। कलियुग में भक्तों के कष्टों को हरने में हनुमान समान दूसरा कोई देव नहीं है। वे जल्दी कृपा करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास उनके बारे में लिखते हैं –

**संकट कटे मिटे सब पीरा**
**जो सुमिरै हनुमत बल बीरा।**

सभी देवताओं के पास अपनी-अपनी शक्तियां हैं। जैसे विष्णु के पास लक्ष्मी, महेश के पास पार्वती और ब्रह्मा के पास सरस्वती लेकिन हनुमान खुद की शक्ति से संचालित देव हैं। वे सर्वशक्तिशाली हैं लेकिन अपने आराध्य के प्रति पूर्ण समर्पित हैं। अपूर्व बलशाली होते हुए भी वे भक्ति की अनुपम मिसाल हैं।

उनकी भक्ति भावना से प्रसन्ना होकर श्रीराम ने ही उन्हें वरदान दिया था कि मुझसे भी ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे और लोग अपने संकटों के निवारण के लिए तुम्हारी उपासना करेंगे। हनुमान भक्तों की पुकार पर तुरंत ही उनके कष्ट हरते हैं। कलियुग में हनुमान सभी तरह के कष्टों को दूर करते हैं। वे भक्तों का हर तरह से मंगल करते हैं। वेद पुराणों में हनुमानजी को अजर-अमर कहा गया है। शास्त्रों में सप्त चिरंजीवों में हनुमान, राजा बली, महामुनि व्यास, अंगद, अश्वत्थामा, कृपाचार्य और विभीषण सम्मिलित हैं। चूंकि हनुमान सदेह इस धरा पर मौजूद हैं तो उनकी उपासना किसी भी तरह से की जाए निश्चित फलदायी होती है।

## मनोकामना पूर्ण करेंगे पवनसुत

तंत्र शास्त्र के अनुसार मंगलवार के दिन हनुमान को प्रसन्ना करने के लिए कुछ उपाय सार्थक सिद्ध होते हैं। ऐसे ही कुछ उपाय-

- मंगलवार को संध्याकाल में किसी हनुमान मंदिर में जाएं और एक सरसों तेल का और शुद्ध घी का दीपक जलाएं। हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- मंगलवार की सुबह पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। उसके बाद पूर्व दिशा की ओर मुख करके राम नाम का जाप करें।
- यदि शनि दोष से पीढ़ित हैं तो हनुमान चालीसा का पाठ करने पर शनिदेव व्यक्ति का बुरा नहीं करते हैं।

## हनुमान जी के 12 अत्यंत शुभ और मांगलिक नाम

बजरंगबली के 12 नाम का स्मरण करने से ना सिर्फ उम्र में वृद्धि होती है बल्कि समस्त सांसारिक सुखों की प्राप्ति भी होती है। 12 नामों का निरंतर जप करने वाले व्यक्ति की श्री हनुमानजी महाराज दसों दिशाओं एवं आकाश-पाताल से रक्षा करते हैं। यह नाम व्यक्ति को मनचाही सफलता देते हैं। प्रस्तुत है बजरंग बली के 12 चमत्कारी नाम :

- हनुमान
- अंजनीसुत
- वायुपुत्र
- महाबल।
- रामेष्ठ
- फाल्गुण सखा
- पिंगाक्ष।
- अमित विक्रम
- उदधिक्रमण।
- सीता शोक विनाशन
- लक्ष्मण प्राणदाता।
- दशग्रीव दर्पहा।

### 12 नाम की अलौकिक महिमा

- प्रातः काल सो कर उठते ही जिस अवस्था में भी हो बारह नामों को 11 बार लेनेवाला व्यक्ति दीर्घायु होता है।
- नित्य नियम के समय नाम लेने से इष्ट की प्राप्ति होती है।
- दोपहर में नाम लेनेवाला व्यक्ति धनवान होता है। दोपहर संध्या के समय नाम लेनेवाला व्यक्ति पारिवारिक सुखों से तृप्त होता है।
- रात्रि को सोते समय नाम लेनेवाले व्यक्ति की शत्रु से जीत होती है।
- उपरोक्त समय के अतिरिक्त इन बारह नामों का निरंतर जप करने वाले व्यक्ति की श्री हनुमानजी महाराज दसों दिशाओं एवं आकाश पाताल से रक्षा करते हैं।
- लाल स्याही से मंगलवार को भोजपत्र पर ये बारह नाम लिखकर मंगलवार के दिन ही ताबीज बांधने से कभी सिरदर्द नहीं होता। गले या बाजू में तांबे का ताबीज ज्यादा उत्तम है। भोजपत्र पर लिखने के काम आनेवाला पेन नया होना चाहिए।



## हनुमानजी की यह स्तुति करती है हर समस्या का निदान

हनुमानजी को बजरंगबली, पवनसुत, मारुतिनंदन, केसरीनंदन इस तरह के कई नामों से उनकी स्तुति की जाती है। श्री हनुमान जी की स्तुति जिसमें उनके बारह नामों का उल्लेख मिलता है। इन नामों के जप से भक्तों को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। आनंद रामायण 8/3/8-11 में उल्लेखित यह स्तुति अगर आप मंगलवार या शनिवार को करते हैं तो आपको इसका फल और भी जल्दी मिलने की संभावना रहती है।

**दोहा**

उर प्रतीति दृढ़, सरन ह्वै, पाठ करै धरि ध्यान।
बाधा सब हर, करैं सब काम सफल हनुमान॥

**स्तुति**

हनुमान अंजनी सूत् र्वायु पुत्रो महाबलः।
रामेष्टः फाल्गुनसखा पिङ्गाक्षोऽमित विक्रमः॥
उदधिक्रमणश्चैव सीता शोकविनाशनः।
लक्ष्मणप्राणदाता च दशग्रीवस्य दर्पहा॥
एवं द्वादश नामानि कपीन्द्रस्य महात्मनः।
सायंकाले प्रबोधे च यात्राकाले च यः पठेत॥
तस्य सर्वभयं नास्ति रणे च विजयी भवेत।



# राम नवमी के छह दिन बाद क्यों मनाई जाती है हनुमान जयंती

हनुमान जयंती हर साल राम नवमी के छह दिन बाद चैत्र पूर्णिमा को मनाई जाती है. तो क्या रामजी के जन्म के छह दिन बाद हनुमान जी का जन्म हुआ था. पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है. इस साल हनुमान जयंती मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 को पड़ रही है. मंगवार का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित है. ऐसे में इसी दिन हनुमान जयंती का होना बहुत शुभ माना जा रहा है. हनुमान जयंती का दिन हनुमान भक्तों के साथ ही राम भक्तों के लिए भी खास दिन होता है. क्योंकि हनुमानजी तो स्वंय रामजी के परम और प्रिय भक्त थे. इस शुभ दिन पर भक्तगण पूजा-पाठ करते हैं और धूमधाम से बजरंगबली का जन्मोत्सव मनाया जाता है. लेकिन राम नवमी के ठीक छह दिन बाद ही हनुमान जयंती क्यों मनाई जाती है. इसका क्या कारण है आइये जानते हैं इसके बारे में-

## रामनवमी के छह दिन बाद हनुमान जयंती

हर साल चैत्र शुक्ल की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है. इस साल देश में राम नवमी 17 अप्रैल 2024 को मनाई गई. वहीं इसके छह दिन बाद यानी चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जोकि 23 अप्रैल 2024 को पड़ रही है. तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में लिखा है, 'भीम रूप धरि असुर संहारे, रामचंद्रजी के काज संवारे.' यानी रामजी सबके बिगड़े कार्य बनाते हैं, लेकिन हनुमान जी उनके काम बनाते हैं. इसलिए कहा जाता है कि, हनुमान जी का जन्म प्रभु राम की सहायता और बिगड़े काम बनाने के लिए हुआ. भगवान राम का जन्म श्रीहरि विष्णु के 7वें अवतार के रूप में धरती पर त्रेतायुग में हुआ. वहीं हनुमान जी को भगवान शिव का 11वां रूद्रावतार कहा जाता है. विष्णु जी के 7वें अवतार यानी भगवान राम का जन्म धरतीलोक पर असुरों के संहार के लिए मानव रूप में हुआ. लेकिन इससे शिवजी चिंतित हो गए और रामजी की सहायता के लिए उन्होंने स्वयं हनुमानजी के रूप में जन्म लेकर रामजी की सहायता की.



# श्री हनुमान पूजन के 10 नियम 10 सावधानियां और सबसे सही तरीका

**चैत्र माह की शुक्ल पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। हनुमान जन्म उत्सव पर हनुमानजी की पूजा कर रहे हैं जो जान लें 10 नियम और 10 सावधाधियां।**

- हनुमान पूजा में शुद्धता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पूजा स्थल की साफ सफाई अच्छे से कर लें।
- हनुमान पूजा को विशेष मुहूर्त में ही करें या सुबह और शाम को ही करें।
- हनुमान पूजा में उपयोग किए गए फूल लाल रंग के रखें।
- पूजा के के लिए दीपक में जो बाती लगाई जा रही है वह भी लाल सूत (धागे) की होनी चाहिए।
- हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद जरूर अर्पित करें। इसके आलावा चाहें तो केसरिया बूंदी के लड्डू, बेसन के लड्डू, चूरमा, मालपुआ या मलाई मिश्री का भोग लगाएं।
- हनुमान पूजा में आरती के बाद हनुमान चालीसा के अलावा यदि आप बजरंगबाण या सुंदरकाण्ड का पाठ कर रहे हैं तो नियम जान लें।
- हनुमानजी की पूजा के साथ ही माता अंजनी, जानकरी, श्रीराम और लक्ष्मण की पूजा करना भी जरूरी रहता है।
- हनुमान पूजा के दौरान जो दीपक जला रहे हों उसमें चमेली का तेल या शुद्ध घी होना चाहिए।
- सिर्फ एक वस्त्र पहनकर ही उनकी पूजा करें।
- हनुमान मूर्ति या चित्र को लकड़ी के पाठ पर लाल कपड़ा बिछाकर स्थापित करें और खुद कुश के आसन पर बैठकर ही पूजा करें।

## हनुमान पूजा की 10 सावधानियां

- जिस दिन पूजा करना हो उसके एक दिन पूर्व से ही मांस, मदिरा आदि का सेवन करना छोड़ दें।
- जिस दिन पूजा करना हो उसके एक दिन पूर्व से ही ब्रह्मचर्य का पालन करना प्रारंभ करें और मन में किसी भी प्रकार का कामुक विचार न रखें।
- हनुमान पूजा के बीच में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्सपन्न न हो इसका ध्यान रखें।
- यदि घर में सूतककाल चल रहा है तो पूजा न करें।
- हनुमान पूजा में तुलसी, चरणामृत या पंचामृत का उपयोग नहीं करें।
- महिलाएं हनुमानजी को वस्त्र, जनेऊ या चोला अर्पित न करें।
- महिलाओं को महावारी के दौरान पूजा से दूर रहना चाहिए।
- हनुमानजी की किसी भी प्रकार से तांत्रिक पूजा नहीं की जानी चाहिए।
- हनुमानजी का व्रत रख रहे हैं तो नमक, मिर्च और अनाज के सेवन से बचें।
- हनुमानजी को अर्पित किए गए भोग या प्रसाद शुद्ध घी में बने हुए होना चाहिए।




## हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

# पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रियंका और अक्षदीप ने इस दौरान 03:05:03 मिनट का समय लिया और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया।

भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है।

टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया।

### शीर्ष-22 टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी

इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वलीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया।

इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।

### वैकल्पिक रूप से दूरी तय करते हैं एथलीट

मिक्स्ड टीम रिले पैदल चाल में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला 10-10 किमी चलते हैं। हर चरण के शुरू होने से पहले 20 किलोमीटर चेंजओवर के लिए होते हैं। इटली की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान और स्पेन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### ओलंपिक में डेब्यू करेगा पैदल चाल में मिक्स्ड रिले इवेंट

पैदल चाल वर्ग में मैराथन मिक्स्ड रिले इवेंट पेरिस ओलंपिक में डेब्यू करेगा। यह इवेंट रिले प्रारूप में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है।

पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होगा। भारतीय एथलीटों की नजरें पेरिस ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी।

## छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट

# विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी.

बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.

अब पूर्व भारतीय बल्लेबाज़ और कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कोहली के विवादित विकेट पर बात करते हुए कहा, मैं कहता हूं छाती ठोक के नॉट आउट. वो (गेंद) बल्ले पर लगती है, तो कम से कम डेढ़ फुट ऊपर है. मुझे लगता है कि यह रूल बदलना चाहिए, हर हालत में बदलना चाहिए. एक ही फैसले ने इस खेल के रंग में भंग डाल दिया.

### आउट होने के बाद कोहली ने अंपायर्स से की थी बहस

बता दें कि अपने विकेट से खुद विराट कोहली भी नाखुश दिखाई दिए थे. आउट होने के बाद कोहली भी मैदान पर अंपायर से बहस करते हुए दिखाई दिए थे. अंपायर के फैसले के बाद कोहली काफी गुस्से में पवेलियन लौटे थे.

### सिर्फ 1 रन से हारी बेंगलुरु

ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 222 रन बोर्ड पर लगाए थे. टीम के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने सबसे बड़ी 50 रनों की पारी खेली थी. इसके अलावा फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करते हुए 48 रन स्कोर किए थे. फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए बेंगलुरु की टीम 20 ओवर में 221 रनों पर ऑलआउट हो गई थी.

# शुभमन गिल करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी...रॉबिन उथप्पा ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उथप्पा का कहना है कि गिल निकट भविष्य में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। बता दें कि 24 वर्षीय गिल आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस (जीटी) की कमान संभाल रहे हैं। जीटी ने रविवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ करीबी मुकाबले में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बौतर ओपर उतरे गिल ने 29 गेंदों में 35 रन की अहम पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।



उथप्पा ने गिल को भारतीय क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट करार दिया। उन्होंने जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि वह इंडियन क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो भारतीय क्रिकेट जगत में एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हो रहा है। हमने उन्हें सफल होते देखा। हम उन्हें एक बहुत ही शानदार लीडर के रूप में विकसित होते हुए देख रहे हैं, जो ना केवल अपनी आईपीएल टीम का नेतृत्व करेगा बल्कि मुझे लगता है कि निकट भविष्य में भारतीय टीम का भी नेतृत्व करेगा। उथप्पा ने इसके अलावा गिल की पारी को लेकर अपनी राय रखी, जो तेजी से रन बनाने की कोशिश में आउट हुए। उन्होंने कहा, शानदार पारी। मुझे लगा कि उसने अपनी पारी सही तरीके से खेली क्योंकि जीटी को सफलता दिलाने के लिए उसका बल्लेबाजी करना अहमद था, इसलिए उसने इसे उसी अंदाज में खेला। उसे किसी दूसरे छो पर ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो अंत में थोड़ा अधिक आक्रामक ढंग से खेले और उसपर से दबाव हटाए। बता दें कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना भी हाल ही में एक इंटरव्यू में गिल को भारतीय कप्तान बनने की भविष्यवाणी की थी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है गिल चलकर टीम इंडिया का कप्तान बनेगा।

गिल ने 2019 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 25 टेस्ट, 44 वनडे और 14 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 से पहले जीटी की कमान समान सौंपी गई। उनकी कप्तानी में जीटी ने अब आठ मैचों में से चार जीते हैं।

# 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

## विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी।

गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है।

### गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

चेन्नई से आने वाले 17 साल के डी गुकेश ने इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने के साथ दिग्गज गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने उस समय वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने के लिए 22 साल की उम्र में क्वालीफाई किया था।

डी गुकेश और अमेरिकी खिलाड़ी के बाद मैच 109 चालों तक चला जिसके बाद दोनों ड्रा करने पर अपनी सहमति जताई थी। इस टूर्नामेंट में डी गुकेश के प्रदर्शन को देखा जाए तो उन्होंने 5 मैचों में जहां जीत हासिल की तो उन्हें एक में हार का सामना करना पड़ा जो फ्रांस के खिलाफ अलिरेजा फिरौजा के खिलाफ मिली थी।

### डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया।

विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।

# चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था।

हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।



# सहवाग ने सैम करन की आलोचना की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के स्टैंड-इन कप्तान सैम करन की टीम में भूमिका पर सवाल उठाया। पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। सहवाग की यह टिप्पणी पीबीकेएस को कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में गुजरात जाइंट्स के हाथों हार झेलने के बाद आई। करन ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए और अपने दो ओवरों में 18 रन देकर एक विकेट लिया। सहवाग ने कहा, अगर मैं पीबीकेएस डगआउट में होता, तो मैं उसे अपनी टीम में नहीं चुनता, न तो बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में और न ही गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में। वो खिलाड़ी किसी काम का नहीं अगर वह थोड़ी गेंदबाजी और थोड़ी बल्लेबाजी कर सकता है।



या तो आप ठीक से बल्लेबाजी करें और हमें मैच जिताएं, या फिर अपनी गेंदबाजी से हमें जिताएं। मुझे यह छोटे-छोटे हिस्से में बंटे खिलाड़ी समझ में नहीं आते। इस सीजन में करन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। उन्होंने 8 पारियों में 116.03 की स्ट्राइक रेट से केवल 152 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक अर्धशतक भी शामिल है।

# प्रेरणा सिंह ने बताया, मीठा खट्टा प्यार हमारा का किरदार सजीरी क्यों है उनके दिल के करीब



अपकमिंग शो मीठा खट्टा प्यार हमारा में सजीरी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस प्रेरणा सिंह ने अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की है। शो में अविनाश मिश्रा और आर्ची सचदेवा भी हैं। पुणे की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में सजीरी (प्रेरणा द्वारा अभिनीत) नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जो आसानी से दोस्त बन जाती है, भरोसेमंद है और उसे हमेशा फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। प्रेरणा ने शो के बारे में कहा कि मीठा खट्टा प्यार हमारा शो का हिस्सा बनने के लिए आभारी होने के साथ-साथ मैं उत्साहित भी हूं। उन्होंने कहा कि सजीरी की भूमिका के लिए मैंने शो के निर्माताओं से संपर्क किया। मैंने सोचा कि इसे आजमाना उचित है क्योंकि सजीरी और प्रेरणा में समान गुण हैं। एक किरदार के रूप में सजीरी दर्शकों को पसंद आएगी, दर्शकों को उसकी मासूमियत देखने को मिलेगी और वह हर स्थिति को मुस्कुराहट के साथ संभाल लेती हैं। प्रेरणा ने कहा कि मुझे सजीरी का किरदार निभाने में मजा आ रहा है। सजीरी मेरे दिल के बहुत करीब है। यह शो सजीरी और शिवम की पेचीदगियों और समीकरणों पर भी केंद्रित है और दिखाएगा कि जब वह खाना बनाती है तो सजीरी का आत्मविश्वास कैसे जीवंत हो जाता है, क्योंकि वह भविष्य में शेफ बनने की उम्मीद करती है। मीठा खट्टा प्यार हमारा का प्रीमियर 24 अप्रैल को शाम 6.30 बजे स्टार प्लस पर होगा।

# अश्विनी अय्यर तिवारी ने दूसरी बार जीता फोर्ब्स सेल्फ मेड वूमन ऑफ इंडिया अवार्ड

अश्विनी अय्यर तिवारी दिलचस्प कहानियाँ सुनाने में बहुत माहिर मानों जाती हैं, जिन्हें लोग बहुत पसंद करते हैं। वह ऐसी कहानियाँ बनाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं, ताकि लोग उन्हें याद रखें और जिनका समाज पर गहरा असर हो। यह सब दिखाता है कि वह एक मजबूत महिला हैं जो अपनी कहानियों से बहुत से लोगों को प्रेरित कर सकती हैं। ऐसे में उनके दृढ़ संकल्प को सलाम करते हुए, उन्होंने दूसरी बार फोर्ब्स सेल्फ-मेड वूमन ऑफ इंडिया का अवॉर्ड जीता है। अश्विनी अय्यर तिवारी ने सम्मान प्राप्त करने पर अपनी खुशी और आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। हमारे देश में कई ऐसे साइलेंट ड्रेमर देखने वाले लोग हैं, जो अपना भविष्य बदलना चाहते हैं। जब आप अपनी अंदर की आवाज को पहचान लेते हैं, तो यह न सिर्फ आपको मजबूत बनाता है, बल्कि आपके आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करता है। यहाँ और भी लोग किंडनेस के साथ कहानियाँ सुनाते हैं।






# कल्कि 2898 एडी के नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन का लुक हुआ जारी

भारतीय सिनेमा के इस साल की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित और नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जबकि इंटरनेट पर इस फिल्म के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। पिछले साल हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए सिनेमा आइकन का एक नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफ़ेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। जल्द ही एक बड़ी घोषणा की उम्मीद जताते हुए पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है जिससे दर्शक इस महान रचना के लिए और अधिक उत्साहित हो गए हैं।

सद्भावना पाती
इंदौर, मंगलवार 23 अप्रैल, 2024



# एम्स समेत सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग अस्पताल में मई से आधे डॉक्टर छुट्टी पर रहेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली एम्स समेत केंद्र सरकार के अस्पताल सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग में वरिष्ठ डॉक्टर यानी फेकल्टी सदस्य अगले माह से ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे। 15 मई से अस्पताओं में फेकल्टी के सदस्यों के लिए ग्रीष्मकालीन आकाश शुरू हो रहा है। डॉक्टर दो पालियों में छुट्टी पर रहेंगे। ऐसे में ओपीडी में आने वाले मरीजों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

बताया जा रहा है कि 15 मई से 16 जुलाई के बीच दो चरणों में संस्थान के सभी डॉक्टर अवकाश पर रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन ने सभी विभागों से छुट्टी पर जाने वाले डॉक्टरों का ब्यौरा मांगा है। साथ 50 फीसदी से कम उपस्थिति नहीं होने के निर्देश दिए हैं। प्रबंधन का कहना है कि 16 मई से 14 जून और 16 जून से 15 जुलाई तक दो अलग-अलग चरण में छुट्टी दी जा सकती है।

मरीज ध्यान रखें - वरिष्ठ डॉक्टरों के ग्रीमकालीन अवकाश के दौरान मरीजों को ओपीडी के अलावा ऑपरेशन को लेकर भी कई बार परेशानी उठानी पड़ती है।





पहले से तय ऑपरेशन अवकाश की वजह से आगे बढ़ाना पड़ता है। प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को देखते हुए डॉक्टरों को अलग-अलग चरण में अवकाश लेने के लिए कहा है। दिल और न्यूरो की अत्याधुनिक जांच होंगी - एम्स दिल्ली में दिल और मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी के इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए अच्छी खबर है। नए ओपीडी ब्लॉक में मरीजों को अत्याधुनिक जांच लैब की सुविधाएं मिलेंगी। इनमें तीन टेस्ला वाई नई एमआरआई मशीनें, सीटी स्कैन मशीन आदि की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इससे मरीजों को जांच की लंबी तारीखों से छुटकारा मिल सकेगा।

डॉक्टरों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का रोस्टर बनाया जा रहा है कि कौन से वरिष्ठ डॉक्टर कब से कब तक छुट्टी पर रहेंगे। इसके बाद अस्पताल अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर रोस्टर को पोस्ट करते हैं। मरीज अस्पतालों की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी डॉक्टर के छुट्टी पर होने की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 ऐप्स की लिस्ट जिनसे एनसीआर में खूब हो रही ठगी, अपने मोबाइल से तुरंत हटा दें



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने निवेश के नाम पर मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने के 10 ऐप का खुलासा किया है। लोगों को सलाह जारी की है कि वे इन ऐप से सावधान रहें। अधिक मुनाफे के चक्कर में इन ऐप के झांसे में नहीं आएं। एंड्रोएड और आई फोन पर संचालित इन ऐप को बंद करवाने में पुलिस अधिकारी जुटे हुए हैं। गुरुग्राम पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक पिछले छह महीने में करीब दो हजार लोगों के साथ ठगी की वारदात हुई है। पिछले तीन महीने में करीब 80 करोड़ रुपये की ठगी हुइ है। अब इन ऐप के माध्यम से कितने लोगों और कितनी राशि की ठगी हुई है, इसकी पड़ताल पुलिस कर रही है। फिलहाल इन ऐप के माध्यम से ठगी के सैकड़ों मामले सामने आने के बाद गुरुग्राम पुलिस ने लोगों को फंसने से बचने के लिए इन ऐप को लेकर एडवाइजरी जारी की है। लोगों से आग्रह किया कि वे अधिक मुनाफे के चक्कर में अपनी जिंदगी की जमापूंजी इस ऐप के माध्यम से निवेश नहीं करें। गुरुग्राम पुलिस गूगल प्ले स्टोर और आईफोन पर संचालित इन ऐप को बंद करवाने के प्रयास में जुटी है। गुरुग्राम पुलिस ने वीई प्रो, एंजलबीजी, एंगलोन, एमजीबीडब्ल्यूएनएफएमआई, वाइकिंग इनवेस्ट, खाखला, लेवलकेके, अपस्टोक, वैल्स कैपिटल ट्रेड, डीएनपी ऐप से दूर रहने की सलाह जारी की है। पुलिस ने आग्रह किया है कि इन ऐप को अपने मोबाइल पर डाउनलोड नहीं करें। यदि ये ऐप डाउनलोउ है तो तुरंत इन्हें हटाया जाए। गुरुग्राम पुलिस ने अपील की कि किसी भी तरह का निवेश करने से पूर्व लोग इन ऐप की जांच पड़ताल करें। अधिक मुनाफा की ई-मेल, कॉल और मैसेज से दूर रहें। निवेश करने से पूर्व कंपनी के पंजीकरण की जानकारी अवश्य करें। प्ले स्टोर पर प्ले प्रोटेक्ट फीचर का इस्तेमाल करें।

### अवैध अंग प्रत्यारोपण करने वाले अस्पताल पर कार्रवाई करें, सरकार का सभी राज्यों को निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अवैध अंग प्रत्यारोपण करने वाले अस्पतालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को कहा है। इसमें अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन निलंबित करना भी शामिल है। भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डा. अतुल गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है। इस पत्र में डा. गोयल ने कहा है कि अंग प्रत्यारोपण के सभी आंकड़े मासिक आधार पर राष्टीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के साथ साझा किए जाने चाहिए। इनमें देश के नागरिकों के साथ ही विदेशी नागरिकों के आंकड़े भी होने चाहिए। हरियाणा और राजस्थान में हुए अवैध अंग प्रत्यारोपण के रैकेट की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आदेश जारी किया है। इस रैकेट में बांग्लादेश के लोग भी शामिल थे।

### यूजीसी ने छात्रों को खुशखबरी, अब 75 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र सीधे ले सकेंगे पीएचडी में दाखिला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चार वर्षीय स्नातक कोर्स कर रहे या फिर करने जा रहे विद्यार्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब वह इस कोर्स को करने के बाद सीधे पीएचडी में दाखिला ले सकेंगे और यूजीसी नेट के लिए आवेदन भी कर सकेगे। उन्हें इसके लिए अब परास्नातक (पोस्ट ग्रेजुएट) करने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि पीएचडी में दाखिले के लिए उन्हें चार वर्षीय स्नातक कोर्स में कम से कम 75 प्रतिशत अंक या फिर उसके समकक्ष ग्रेड हासिल करना होगा।

# दिल्ली में कांग्रेस के अंदर बढ़ी अंतर्कलह प्रत्याशियों के चयन पर हो रही रार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस में असंतोष बढ़ता नजर आ रहा है। उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट को लेकर रविवार को बुलाई बैठक में फिर जमकर हंगामा हुआ। स्थानीय नेताओं ने उदित राज को टिकट दिए जाने पर रोष जाहिर किया। लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर ही प्रत्याशी तय करने में कांग्रेस नेतृत्व के पसीने छूटते दिख रहे हैं। पहले तो प्रत्याशियों का नाम तय करने में पार्टी नेतृत्व को लंबा समय लगा। जब नाम की घोषणा की गई तो स्थानीय नेताओं की ओर से विरोध जाहिर किया जा रहा है।

उत्तर-पूर्वी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी कन्हैया कुमार के साथ दिल्ली प्रदेश कार्यालय पर शुक्रवार की बैठक



में भी जमकर हंगामा हुआ था। पार्टी नेता संदीप दीक्षित ने कन्हैया कुमार को टिकट दिए जाने को लेकर आक्रोश जाहिर किया था। इसके चलते शनिवार को दिल्ली कार्यालय में उत्तर-पश्चिमी सीट को लेकर होने वाली बैठक को टाल दिया गया। यह बैठक रविवार को पार्टी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया के घर पर हुई।

माना जा रहा है कि हंगामे की आशंका को देखते हुए इस सीट पर पार्टी प्रत्याशी बैठक में मौजूद नहीं रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक में स्थानीय नेताओं ने जमकर हंगामा किया। कहा गया कि पार्टी को यहां पर किसी स्थानीय नेता को टिकट देना चाहिए। क्षेत्र में उनकी छवि ठीक नहीं होने के भी आरोप लगाए गए। यह भी कहा गया कि उदित राज की ओर से कांग्रेस नेताओं के साथ मुलाकात करने के बजाय आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ ज्यादा संपर्क किया जा रहा है।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और पार्टी प्रभारी बाबरिया ने उनके आक्रोश को पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। बैठक में राजकुमार चौहान, सुरेंद्र कुमार, जय किशन, देवेन्द्र यादव आदि लोग शामिल रहे। वहीं, राजधानी में दिल्ली कांग्रेस का चुनाव प्रबंधन सुभाष चोपड़ा संभालेंगे।

## इंसाफ मिलने में देर हुई तो रेप पीड़िता ने उठाया खौफनाक कदम, परिवार ने भी दिया साथ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में इंसाफ की गुहार लगा रही रेप पीड़िता ने खौफनाक कदम उठाया है। कोर्ट से इंसाफ मिलने में देर हुई तो उसने खुद ही उसके साथ दरिंदगी करने वाले को मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में रेप पीड़िता समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें उसके मां और भाई भी शामिल है। रेप आरोपी दिल्ली जल बोर्ड में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करता था। साल 2018 में दिल्ली के साउथ ईस्ट इलाके में उसने रेप की वारदात को अंजाम दिया था। महिला बलात्कार का मामला दर्ज कराने के बाद कानूनी प्रक्रिया में देरी से निराश थी और इसीलिए उसने हत्या की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी व्यक्ति पीड़िता को केस वापस लेने की धमकी भी दे रहा था। जानकारी के मुताबिक आरोपी की हत्या शनिवार रविवार की रात को की गई थी। पुलिस को मामले की सूचना उस वक्त मिली जब रविवार सुबह करीब 2 बजकर 52 मिनट पर एक पीसीआर कॉल आया। उसका शव खून से लथपथ उसी के घर के बाहर पड़ा हुआ था। उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक शख्स रेप आरोपी को चाकू घोपता नजर आ रहा है। उसके साथ तीन अन्य लोग भी मौजूद है जिसमें 50 साल की एक महिला, उनकी 20 साल की बेटी और 22 साल का बेटा भी शाामिल है।

## आईएनडीआईए के पास देश के लिए कोई विजन नहीं, शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन पर साधा निशाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने रांची में आयोजित विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की रैली की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि इसका आयोजन संविधान बचाने के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को बचाने के लिए किया गया है। पूनावाला ने कहा, आईएनडीआईए के पास देश के लिए कोई विजन नहीं है। वहां सिर्फ भ्रम, महत्वाकांक्षा और विभाजन की राजनीति है।

चुनाव से पहले विपक्ष की एकता पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, राजद, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने लाठी-डंडे और पत्थरों से एक-दूसरे पर हमले किए। अगर सत्ता में आने से पहले सीट बंटवारे को लेकर उनका यह चरित्र है तो सत्ता में आने पर वे कैसा जंगल राज लाएंगे? इसके बाद पूनावाला ने विभिन्न राज्यों में आईएनडीआईए के भीतर कलह को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि केरल में वामपंथी और कांग्रेस आमने-सामने हैं, बंगाल में ममता बनर्जी ने दूरी बना ली है और पंजाब में आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस में गठबंधन नहीं है।

## मासूम बच्ची की हत्या कर नाले में फेंकी लाश, दुष्कर्म की आशंका

### गाजियाबाद में सनसनीखेज वारदात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मसूरी थानाक्षेत्र में सात साल की मासूम बच्ची की हत्या कर शव नाले में फेंकने का मामला सामने आया है। हत्यारे ने शव को छिपाने के लिए उस पर ईंटें रख दी। बच्ची शनिवार शाम से लापता थी। बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का भी अंदेशा है। पुलिस एक संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मसूरी थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाला दंपति मजदूरी कर अपनी आजीविका चलाते हैं। उनकी सात



वर्षीय बेटी शनिवार शाम करीब पांच बजे घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी देर तक दिखाई न देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद उन्होंने मसूरी थाने में शिकायत दी।

पुलिस का कहना है कि रविवार सुबह कोल्हू के पास और घर से करीब 50 मीटर दूर बच्ची का शव नाले में पड़ा मिला। अंदेशा है कि आरोपी ने नाले के पानी में बच्ची का मुंह डुबोकर उसे मार डाला और फिर उसी नाले में उसके शव को ठिकाने लगा दिया। राहगीरों और स्थानीय लोगों को पता न चले, न हो इसके लिए हत्यारे ने शव को ईंटों से ढक दिया। वहीं, परिजनों और स्थानीय लोगों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म का अंदेशा भी जताया है। एसीपी मसूरी नरेश कुमार का कहना है कि नाले में बच्ची का शव पड़ा मिला था। बच्ची के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती जांच में दुष्कर्म की बात पुष्ट नहीं लगती है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण और दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी।

# चीन में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में आज (22 अप्रैल) भारी बारिश और बाढ़ आने की संभावना है। इसका असर दिखने भी लगा है। दक्षिण चीन के कई शहरों में 16 अप्रैल से हो रही तेज बारिश के चलते पानी भर गया है। 44 से ज्यादा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सिंगापुर की नेशनल न्यूज एजेंसी ष्टह्न के मुताबिक बाढ़ के कारण अब तक 11 से ज्यादा लोग लापता हैं। वहीं भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 6 लोग घायल हो चुके हैं। हालांकि, किसी के हताहत



होने की अभी कोई खबर नहीं है। लोकल प्रशासन लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू मिशन चला रहा है। अब तक 60 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है। इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड पर हैं। बाढ़ के चलते अब तक 165 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक 21 अप्रैल की शाम को साउथ चीन के तटीय क्षेत्रों से एक तूफान टकराया है, जिसके कारण चीन में सदी की सबसे बड़ी बाढ़ आ सकती हैं।

## 375 मिलियन डॉलर के सौदे के तहत भारत से फिलीपींस तक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति जारी

**फिलीपींस , एजेंसी।** रक्षा अधिकारियों ने कहा कि 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत से फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति दोनों देशों के बीच अनुबंध के हिस्से के रूप में जारी है। मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रविवार को एक चार्टर्ड इल्युशिन-76 परिवहन विमान में भारत से मनीला के एक हवाई अड्डे पर पहुंची। रक्षा अधिकारियों ने आगे कहा कि भारत और फिलीपींस के अधिकारी अनुबंध के तहत उस देश को आपूर्ति किए गए उपकरणों की पहली खेप प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से भारत ने 2022 में हस्ताक्षरित सौदे के हिस्से के रूप में 19 अप्रैल को फिलीपींस को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप सौंपी।

## श्रीलंका में कार रेस दुर्घटना में सात की मौत, 23 लोग घायल

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के सेंट्रल हिल्स में रविवार को एक कार रेस के दौरान एक कार ट्रैक से उतर गई। इसकी चपेट में आकर कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मीडिया प्रवक्ता डीआईजी निहाल थल्दुवा ने कहा कि सात मृतकों में रेस मार्शल और दर्शक शामिल थे। एक आठ साल की लड़की की भी हादसे में मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय नववर्ष के अनुसार श्रीलंका सेना द्वारा आयोजित, फॉक्सहिलसुपर क्रॉस 2024 नामक रेस देखने के लिए एक लाख से अधिक प्रशंसक इकट्ठा हुए थे। यह दौड़ श्रीलंका के मध्य हाइलैंड्स में एक पूर्व गैरीसन शहर दियातलावा में आयोजित की गई थी, जहां सभी सैन्यकर्मी सैन्य प्रशिक्षण लेते हैं।नव वर्ष की छुट्टियों के मौसम के दौरान छुट्टियां मनाने वाले लोग सेंट्रल हिल्स में इकट्ठा होते हैं। जहां कार रेस और घुड़दौड़ जैसी कई प्रतियोगिताएं होती हैं।श्रीलंकाई सेना ने आखिरी बार 2019 में फॉक्सहिल रेस का आयोजन किया था, लेकिन देश भर में 2019 ईस्टर हमलों के बाद इसे अचानक रोकना पड़ा।यह दौड़ पांच साल बाद दोबारा आयोजित की जा रही थी, लेकिन घातक दुर्घटना के बाद रविवार को इसे फिर से निलंबित कर दिया गया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने महावीर जयंती की दी बधाई, कहा- हम हमेशा महावीर स्वामी के मूल्यों से जुड़ें रहें

**वाशिंगटन एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने महावीर जयंती के अवसर पर जैन धर्म के लोगों को शुभकामनाएं दीं। इस बधाई को देते ही बाइडन ऐसा करने वाले वह पहले अमेरिकी राष्टपति बन गये हैं। बाइडन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं।'' उन्होंने कहा, ''आइए आज हम महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी एवं सद्भाव फैलाकर उनका जश्न मनाएं।'' प्रख्यात जैन समुदाय के नेता और एशियाई अमेरिकी और मूल हवाईयन/प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) आयुक्त पर राष्ट्रपति के सलाहकार अजय भुटोरिया ने बाइडेन के संदेश का गर्मजोशी से स्वागत किया।

अमेरिकी राष्टपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने सोमवार (स्थानीय समय) को महावीर जयंती पर जैन धर्म के लोगों को शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष महावीर जयंती 21 अप्रैल को मनाई गई। महावीर जयंती जैन धर्म के संस्थापक महावीर के जन्म के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। महावीर की जयंती दुनिया भर में जैन समुदाय द्वारा खुशी और



उत्साह के साथ मनाई जाती है। महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे जिन्होंने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से शांति और सद्भाव फैलाया। महावीर जयंती जैन मंदिरों में प्रार्थना करने, जुलूस निकालने, भगवान महावीर की आराधना में भजन गाने, शरीर और आत्मा को शुद्ध करने के लिए उपवास, दान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक विद्वानों और नेताओं के व्याख्यान जैसे अनुष्ठानों के साथ मनाई जाती है।

## मालदीव के संसदीय चुनाव में मुइज्जू की पार्टी को प्रचंड बहुमत, परिणामों पर भारत और चीन की करीबी नजर

**माले , एजेंसी।**
मालदीव में हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है। सत्तारूढ़ पार्टी ने संसद की 93 सीटों में से 67 सीटें जीत ली हैं। वोटों की गिनती अभी जारी है। बीजिंग समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संसदीय चुनाव के परिणाम पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की करीबी नजर है। संसदीय चुनाव में मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी को 12 सीटें मिलीं और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 10 सीटें जीतीं। मालदीव डेवलपमेंट अलायंस और जम्हूरी पार्टी को एक-एक सीट मिली।

स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे शुरू हुआ, जो शाम साढ़े पांच बजे तक चला। साढ़े पांच बजे



मतदान समाप्त होते ही चुनाव अधिकारियों ने देशभर में मतपेटियों को सील कर दिया।छह राजनीतिक दलों और स्वतंत्र समूहों ने संसद की 93 सीटों के लिए 368 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 90 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने 89 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जगह पर स्थित है। ऐसे में भारत और चीन मालदीव में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं। मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ गई। मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया।

राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू का चुनाव अभियान भारत को बाहर करो थीम पर आधारित था, जिसमें उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक महत्व देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया था। मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे और वे भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करने के साथ ही समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव कार्य में सहयोग करते थे। मुइज्जू ने इन सैन्यकर्मियों को हटाने की दिशा में कदम उठाया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक:- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय
कार्यालय पता:-एच. 21 अकिंत अपार्टमेंट ब्रजेश्वरी एनएक्स, इंदौर मध्यप्रदेश मो:- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।